दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 16 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 58 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# दिल्ली में सरकार के बाद अब 'आप' को एमसीडी में हार का खतरा!




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के तीन निगम पार्षद शनिवार को एंड्रयूज गंज से अनीता बसोया, हरिनगर से निखिल चपराना और आरकेपुरम से धर्मवीर सिंह भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी मौजूद रहें। उन्होंने सभी आप से आए पार्षदों को पार्टी का पटका पहनकर स्वागत किया।

**दिल्ली में जल्द ट्रिपल इंजन की सरकार :** उन्होंने दावा करते हुए कहा कि दिल्ली में जल्द ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों की वजह से देश लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है और अब दिल्ली की बारी है। दिल्ली के लोगों ने भाजपा को बहुमत दिया है, उसका नतीजा उन्हें सरकार का गठन होते ही मिलना शुरू हो जाएगा। सचदेवा ने कहा कि एक सुंदर और विकसित दिल्ली बनाने के लिए अब लगातार काम करना होगा। इससे 10 वर्ष से रुका हुआ विकास कार्य भी पूरा हो सकेगा। साथ ही, दिल्ली में भाजपा जिस विकसित दिल्ली की बात कर रही है उसके सपने को भी साकार किया जा सकेगा।

**भ्रम और भ्रष्टाचार की सरकार से पिछले 10 सालों से लोग परेशान :** उन्होंने कहा कि राजधानी को विकसित देखने वाले भाजपा के साथ आना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें भी भ्रम और भ्रष्टाचार की सरकार से पिछले 10 सालों से परेशान है। अब उन्हें भाजपा के रूप में इकलौता विकल्प मिला है।

# शहर विधायक के रूप में संजीव शर्मा ने शुरू की जनसहभागिता की नई पारी

## जनप्रतिनिधि होते हैं जब अधिकारियों के साथ तो आम आदमी का सरकार के प्रति बढ़ता है विश्वास









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक बनने के बाद संजीव शर्मा जन नायक अंदाज में पारी खेल रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अध्यक्ष वाली पारी में टीआरपी का खिताब जीता। स्वयं लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने उन्हें सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया था। संजीव शर्मा अब विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसे जनप्रतिनिधि के रूप में सामने आये हैं जिनके दरवाजे जनता के लिये हमेशा खुले हैं। वो अपने व्यवहार से जनता के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। इन सबके बीच संजीव शर्मा ने शनिवार को तहसील दिवस में एक बड़ी मिसाल पेश की। वो एक ऐसे जनप्रतिनिधि बने जो शहर विधानसभा में तहसील दिवस में सुनवाई के दौरान अधिकारियों के साथ बैठे। इससे पहले लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर तहसील दिवस में अधिकारियों के साथ बैठे थे लेकिन शहर विधानसभा में संजीव शर्मा पहले ऐसे विधायक बने जो जनसुनवाई में अधिकारियों के साथ बैठे। यहां से दो संदेश जनता के बीच गये। पहला ये कि अगर जनप्रतिनिधि अधिकारियों के साथ बैठते हैं और जनता के मामलों का समाधान करते हैं तो ये कार्यशैली जनता के बीच सरकार के प्रति जनविश्वास पैदा करती है। ऐसा इसलिए है कि अधिकारियों की अपेक्षा जनप्रतिनिधि क्षेत्र की जनता के चेहरों से ज्यादा परिचित होते हैं। वो कई फरियादियों को नाम से जानते हैं। कई लोग अपने विधायक अपने सांसद को जानते हैं और कई लोगों का सरोकार ये होता है कि उन्होंने जनप्रतिनिधियों को अपने वोट से चुना है ते जनप्रतिनिधि भी उनकी समस्या का समाधान करने में उनके साथ खड़े होंगे। हालांकि अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर कोई सवाल नहीं है क्योंकि अधिकारी लगातार जनसुनवाई करते हैं, समाधान करते हैं और कई मौके तो ऐसे आते हैंजब जनप्रतिनिधियों से ज्यादा जनता अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों पर भरोसा करती है। वो उनके दरवाजे पर जाते हैं। संजीव शर्मा ने जन सहभागिता के साथ जनप्रतिनिधियों की एक नई परम्परा को शुरू किया है। जब जनप्रतिनिधि सामने बैठा हो और विधानसभा क्षेत्र की जनता का कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आया हो और विधायक उसे नाम से पुकार लें। बस इतने भर से ही आम व्यक्ति का विश्वास दोगुना हो जाता है। वो अपने जनप्रतिनिधि द्वारा पुकारे जाने भर से ही उत्साह से लबरेज हो जाता है। उसे लगता है कि सरकार में उसकी सुनवाई हो रही है। शनिवार को संजीव शर्मा ने ऐसा ही किया वो तहसील दिवस में मौजूद रहे और एक ऐसी परम्परा शुरू हुई जिसमें जनता के सामने अधिकारी और जनप्रतिनिधि दोनों है और आम जनता अपनी बात को दोनों के समक्ष रख सकती है।

### ई-रिक्शा से लेकर पैठ बाजार और अब जनसुनवाई के दरबार तक

करंट क्राइम। संजीव शर्मा उपचुनाव में विधायक बने हैं। एक तरह से उन्हें आधा कार्यकाल मिला है लेकिन वो कम ओवर वाली पारी में अधिक स्कोर कार्ड के साथ दिख रहे हैं। जनता के बीच हैं और समस्याओं को लेकर वो समाधान वाली पारी खेलते हैं। ई-रिक्शा का मामला है तो समाधान के लिए वो अधिकारियों के पास पहुंचे। पैंठ बाजार पर रोक लगी तो यहां संजीव शर्मा ने राहत के लिए कदम बढ़ाये और अब वो जनसुनवाई वाले दरबार में सरकार के प्रतिनिधि के रूप में जनता के प्रतिनिधि के रूप में आ गये। जनता के बीच रहकर जनता की समस्याओं का समाधान कराना निश्चित रूप से एक जनप्रतिनिधि का वो कार्य है जिससे जन मानस के बीच में सरकार के प्रति एक सकारात्मक छवि का निर्माण होता है।

# नए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन फ्लाईओवर पर धूं-धूं कर जली रेनॉल्ट कार, लगा जाम

## पिता-पुत्र ने कार से कूद कर बचाई जान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार की देर शाम सिहानी गेट थानाक्षेत्र से कुछ ही दूरी पर नए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के फ्लाईओवर पर एक कार में अचानक से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसमें सवार पिता-पुत्र ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। कार में प्रिंस और उनके पिता सनोज कुमार मौजूद थे, दोनों ही दिल्ली के रहने वाले हैं।

इस हादसे में खास बात यह रही की कोई हताहत नहीं हुआ। साथ ही किसी प्रकार की जनहानि भी नहीं हुई है। कार में आग लगने का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरस हो रहा है। वहीं आग लगने के दौरान फ्लाईओवर के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। जिसकी वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि शाम करीब 07 बजे के आसपास पुराना बस अड्डा रेलवे रोड ब्रिज के ऊपर घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन को कार रेनॉल्ट में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद फायर यूनिट मौके पर पहुंची और हौज पाइप लगाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान फ्लाईओवर पर लंबा जाम लग गया था। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं जिस कार में आग लगी थी वह कार दिल्ली नंबर की थी।

# राजनगर रामलीला कमेटी के सदस्यों की संख्या का खुलेगा मैटर
## राजेन्द्र त्यागी की शिकायत पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने मांग लिया जवाब भेजकर लैटर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर रामलीला समिति का मामला डिप्टी रजिस्ट्रार के पास पहुंचा है। ये पूरा मामला सदस्यों को लेकर है। डिप्टी रजिस्ट्रार ने राजेन्द्र त्यागी की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए रामलीला कमेटी राजनगर के अध्यक्ष को लेटर लिखकर ये पूरा मामला पूछा है। अब रामलीला कमेटी को अपना स्पष्टीकरण सबूतों के साथ 15 दिन के भीतर देना है। इससे पहले आकाश वशिष्ठ ने 6 सितम्बर 2024 को एक शिकायती पत्र कार्यालय में भेजा था। जो 30 सितम्बर को प्राप्त हुआ था। डिप्टी रजिस्ट्रार ने रामलीला समिति के अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा है कि राजेन्द्र त्यागी ने अपना शिकायती पत्र 8 जनवरी को प्राप्त कराया। उन्होंने अपने शिकायती पत्रों में साधारण सभा के सदस्यों का मामला उठाया। 14 फरवरी को डिप्टी रजिस्ट्रार ने पत्र लिख कर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष से 15 दिनों के अंदर सबूतों के साथ बिन्दुवार आख्या मांग ली है।

### पहले थे 314 सदस्य तो अब 101 सदस्य कैसे रह गये

करंट क्राइम। डिप्टी रजिस्ट्रार ने यह भी जवाब मांगा है कि रामलीला समिति राजनगर के अध्यक्ष ने 16 जनवरी 2025 को 101 साधारण सभा के सदस्यों की सूची प्रस्तुत की थी। जबकि इससे पहले उन्होंने 314 साधारण सभा के सदस्यों की सूची प्रस्तुत की थी। पंजीकृत बॉयलाज के विपरीत जाकर साधारण सभा का गठन किया जाना विधिक नहीं होगा। लिहाजा डिप्टी रजिस्ट्रार ने अब रामलीला कमेटी के अध्यक्ष से कह दिया है कि वो अलग-अलग साधारण सभा की सूची प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दें और ये भी निर्देश दिये हैं कि सभी साक्ष्यों और प्रमाणों के साथ 15 दिन के भीतर यह सूची प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

# अब हिंडन श्मशान घाट पर नहीं बढ़ेगा एयर पॉल्यूशन नगर निगम गाजियाबाद ने खोजा है देसी सॉल्यूशन

### लकड़ियों की खपत होगी कम, गाय के गोबर से बनेगी सामग्री



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम हर वर्ष गाजियाबाद में वायु प्रदूषण की स्थिति सुधारने के लिए लाखों रुपए खर्च करता है। तो कई तरीके के अभियान भी चलाता है। इसी कड़ी में अब नगर निगम गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर हिंडन नदी के निकट बने श्मशान घाट के जीर्णोद्धार करने के बाद यहां कम धुंआ देने वाली आधुनिक दाह संस्कार संयुक्त स्थापित कर रहा है। इस आधुनिक शवदाग्रह यंत्र के बनने से लाभ यह होगा कि इसमें लकड़ी का इस्तेमाल कम होगा। शवों को अंतिम संस्कार क्रिया करने के लिए इसमें गाय के गोबर से बने लकड़ी और सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसका पूरा प्रेजेंटेशन कार्यक्रम नगर आयुक्त की मौजूदगी में शहर विधायक संजीव शर्मा के सामने प्रस्तुत किया गया है। साथ ही कई तरीके के सुझाव भी इसमें अमल में लाएं जाएंगे। नगर निगम द्वारा निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है कि कार्य की प्रगति रिपोर्ट ग्रीन रिवॉल्यूशन फाउंडेशन के द्वारा दी गई है।

**40 प्लेटफार्म में इस्तेमाल होती हैं प्रतिदिन कई सौ क्विंटल लकड़ी :** नगर आयुक्त नगर निगम गाजियाबाद विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कहा गया है कि पर्यावरण संरक्षण के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार प्रयासरत है और शमशान घाट पर वायु प्रदूषण की स्थिति को कम करने के लिए यहां पर 40 प्लेटफार्म में जो 400 से 500 क्विंटल लकड़ी प्रतिदिन जलाई जाती थी, जिससे अधिक धुआं होता था और इस प्रक्रिया में समय भी अधिक लगता था। अब आधुनिक दाह संस्कार में कम लकड़ी लगेगी, धुंआ कम होगा और शहरवासियों को हिंदू संस्कृति के तहत ही अपना संस्कार कर पाएंगे। इसके लिए नगर निगम गाजियाबाद गोबर की लकड़ी का इस्तेमाल करेगा। साथ ही अन्य सामग्री भी गोबर की लकड़ी की ही होगी।

### दो संयंत्र सीएनजी से भी होंगे संचालित



करंट क्राइम : गोबर की लकड़ी से संचालित होने वाले संयंत्र के साथ ही यहां पर नगर निगम द्वारा सीएनजी का इस्तेमाल करते हुए दो संस्कार संयंत्र चालू किए जाएंगे। इसके लिए सामाजिक संस्था का सहयोग लेते हुए इसका निर्माण और रखरखाव कराया जा रहा है। शवदाह ग्रह की सीएनजी से संचालित होने वाली यह प्रक्रिया अधिक तीव्र और सस्ती भी रहेगी।



### शमशान घाट के प्लेटफार्म भी कराए जा रहे हैं ठीक

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी की देखरेख में हिंडन नदी पर बनने वाले शव दाह ग्रह और उनके प्लेटफार्म की मरम्मत कराई जा रही है। साथ ही यहां पर साफ-सफाई और अन्य सुधार काम भी कराए जाएंगे ताकि यह स्थान स्वच्छ और सुंदर नजर आए।

# राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने किया नवीन मंडी का औचक निरीक्षण

## कहा, त्वरित कार्रवाई से हो किसानों की समस्याओं का निदान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद के नवीन मंडी स्थल साहिबाबाद का दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मंडी की कार्यशैली तथा साफ सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होने आढ़तियों और किसानों से वार्ता की। उन्होने किसानों की समस्याओं को सुना और अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया और शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि त्वरित कार्यवाही से किसानों की समस्याओं का निदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने मंडी प्रबंधक को निर्देशित किया कि किसानों के विश्राम गृह में भी सभी जरूरी व्यवस्थाओं को पूर्ण व दूरस्थ किया जाएं। मंडी में अनाज की सुरक्षा के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर मंडी सचिव सहित अन्य मंडी कर्मचारी, आढ़ती, किसान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर फर्राटा भरेंगे वाहन, पहला खंड हुआ तैयार

## दो हिस्सों में तैयार किया जा रहा हाईवे, उद्घाटन की तारीख तय होना बाकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के पहले खंड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसे इसी माह अंत तक शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद पहले खंड को शुरू करने की तारीख तय कर दी जाएगी। इसके शुरू होने जाने से यमुनापार में जाम की समस्या काफी हद कर कम हो जाएगी।

एक्सप्रेस वे के पहले खंड की लंबाई 32 किलोमीटर है। इसको दो हिस्सों में तैयार किया जा रहा है। एक की लंबाई 14.75 किमी है। यह अक्षरधाम से शुरू होता है और लोनी बॉर्डर पर खत्म होता है। वहीं, दूसरे पैकेज की लंबाई 16.85 किलोमीटर है। यह लोनी से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) तक जाता है। पैकेज-एक की लागत 1100 और पैकेज-दो की लागत 1323 करोड़ है।

पैकेज-एक में 6.398 किलोमीटर और पैकेज-दो में 11.244 किलोमीटर लंबा एलिवेटिड है। एक्सप्रेसवे को पिछले साल दिसंबर में ही शुरू करने की योजना थी, लेकिन बताया




जा रहा है कि एलिवेटेड सेक्शन में वेयरिंग में फॉल्ट होने के कारण शुरू नहीं हो पाया है। वर्तमान में तकनीकी दिक्कत को दूर कर लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि अक्षरधाम से लेकर यूपी गेट तक पैकेज-1 में 30 से अधिक वेयरिंग और लोनी से लेकर बागपत तक पैकेज-2 में 50 से अधिक वेयरिंग रिप्लेस करने का काम किया गया। यह काम अब लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में अब एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन की तारीख तय करने को लेकर तैयारियां की जा रही है।

**यमुनापार में कम होगा वाहनों का दबाव... :** बता दें कि एक्सप्रेस-वे से जहां एक ओर यमुनापार में वाहनों का दबाव कम होगा, वहीं दूसरी ओर दिल्ली वालों को इस हिस्से में कोई भी टोल नहीं देना होगा। एक्सप्रेसवे के इस हिस्से में अक्षरधाम, गांधी नगर-गीता कॉलोनी, आईएसबीटी-दिलशाद गार्डन मार्ग, खजूरी पुस्ता मार्ग और सिग्नेचर ब्रिज मार्ग पर एग्जिट और एंट्री पॉइंट बनाए गए हैं। इसमें शास्त्री पार्क रेडलाइट के पास अलग से एक लूप बनाया गया है। इसकी मदद से कश्मीरी गेट बस अड्डे की तरफ से आने वाले वाहनों का हाइवे पर जाना आसान होगा। इसी तरह से खजूरी खास में भी एग्जिट और एंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं। खास बात यह है कि दिल्ली में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले यात्रियों को टोल नहीं देना होगा।

**दिल्ली में एंट्री और एग्जिट होगी आसान :** अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस वे के दिल्ली के हिस्से में एट्री और एग्जिट पॉइंट इस हिसाब से बनाया गया है कि दक्षिणी मध्य, उत्तरी और पूर्वी दिल्ली के वाहनों चालकों की आवाजाही आसान हो सके। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे, विकास मार्ग, गीता कॉलोनी यमुना पुल, शास्त्री पार्क, सिग्नेचर ब्रिज इन सभी मार्गों से आने वाले वाहन चालकों को एक्सप्रेस वे पर चढ़ने के लिए एंट्री पॉइंट बनाए गए हैं। साथ ही एक्सप्रेस-वे से निकलने के लिए एग्जिट पॉइंट भी बनाए गए हैं।

# केजरीवाल की बढ़ेंगी मुश्किलें

## सीबीसी ने दिए 'शीशमहल' की जांच के आदेश

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सिविल लाइन्स स्थित जिस सरकारी आवास में मुख्यमंत्री के तौर पर अरविंद केजरीवाल रहते थे, वहां पर हुए अवैध निर्माण व भ्रष्टाचार के आरोपों की केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने जांच के आदेश दिए हैं। विधानसभा के पूर्व नेता विपक्ष और रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता ने इस बगले के संबंध में शिकायत दी थी।




बंगला नवीनीकरण मामले में जांच के आदेशः विजेंद्र गुप्ता द्वारा शीश महल (सरकारी बंगले का भाजपा द्वारा दिया गया नाम) के संबंध में दायर की गई शिकायतों पर सीवीसी ने जांच के आदेश दिए हैं। इस सरकारी बंगले के निर्माण की जांच 14 अक्टूबर 2024 विजेंद्र गुप्ता ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) में दर्ज कराई थी। शिकायत में लिखा था कि केजरीवाल ने 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) में फैले एक भव्य भवन (शीश महल) के निर्माण के लिए भवन नियमों का उल्लंघन किया है। शिकायत में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि राजपुर रोड पर प्लॉट संख्या 45 और 47 (पहले टाइप-श फ्लैट में वरिष्ठ अधिकारी और न्यायाधीश रहते थे) और दो बंगले (8-ए और 8-बी, फ्लैग स्टाफ रोड) सहित सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया और नए आवास में मिला दिया गया, जिससे ग्राउंड कवरेज और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) मानदंडों का उल्लंघन हुआ और उचित लेआउट प्लान का पालन नहीं किया गया।

तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई का आश्वासनः प्राप्त शिकायत को देखने के दो दिन बाद 16 अक्टूबर 2024 सीवीसी ने आगे की जांच के लिए कार्रवाई शुरू की। 5 नवंबर 2024 सीवीसी ने औपचारिक रूप से शिकायत की प्राप्ति की पुष्टि की। शिकायत को आगे की जांच के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को भेज दिया गया। सीवीसी ने आश्वासन दिया कि तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। 5 दिसंबर 2024 विजेंद्र गुप्ता की शिकायत के आधार पर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट सीपीडब्ल्यूडी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) द्वारा सीवीसी को सौंपी गई। उसके बाद 13 फरवरी 2025 तथ्यात्मक रिपोर्ट की जांच करने के बाद, सीपीडब्ल्यूडी के सीवीओ को मामले की विस्तृत जांच करने की सलाह दी गई।

पूर्व मुख्यमंत्री आवास पर खर्च की जांचः अब सक्षम अधिकारी जांच रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर उचित कार्रवाई करेंगे।

### भारतीय संस्कृति विविधताओं की मिसाल : ओम बिरला

# स्पीकर ओम बिड़ला और पीयूष गोयल ने लगाई महाकुंभ में आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज एयरपोर्ट पर दोनों नेताओं का स्वागत यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया। दोनों नेताओं ने संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद अरैल स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंचकर स्वामी चिदानंद सरस्वती का आशीर्वाद लिया। परमार्थ निकेतन में आयोजित चार दिवसीय कीवा महाकुंभ में भी दोनों ने हिस्सा लिया।





कीवा कुंभ के चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक परंपराओं, प्रार्थनाएं, अनुष्ठान, कहानियां और आध्यात्मिक संवादों के साथ आदिवासी धर्मगुरु यह एहसास दिलाते हैं कि भले ही हम अलग-अलग हों, अलग-अलग देशों में रहते हों लेकिन हम एक मानव परिवार हैं, जो महाकुंभ प्रयागराज में पृथ्वी और उसके भविष्य के लिए एकजुट हुए हैं। हम सभी यहां पर मानवता और प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए एक साथ आए हैं। अपनी परंपराओं से जुड़कर पृथ्वी के साथ सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को फिर से बनाना चाहते हैं। इसी उद्देश्य को लेकर 700 से अधिक आदिवासी नेताओं और संस्कृतियों को एकजुट किया है।

स्वामी चिदानंद सरस्वती जी ने कहा कि महाकुंभ परंपराओं के सम्मान और एकजुटता का महोत्सव है। कीवा कुंभ का उत्सव एक दिव्य प्रतीक है। यह एक अवसर है, जब हम सभी एकजुट होकर अपनी धरती माता के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। आइए हम सभी इस यात्रा का हिस्सा बनें, और अपनी आदिवासी संस्कृतियों की अमूल्य धरोहर को सम्मान दें। हमारे द्वारा एकजुट होकर किया गया प्रयास हमारी धरती माता को फिर से संजीवनी देने वाली बना सकता है। यह आयोजन हम सभी को एक बड़ा वैश्विक परिवार और वसुधैव कुटुंबकम के सूत्र के साथ जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा। वास्तव में कीवा उत्सव विविधता में एकता का दिव्य उत्सव है।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि भारत की संस्कृति विविधताओं में एकता की मिसाल है। यहां विभिन्न धर्मों, भाषाओं और परंपराओं का संगम है, जहां हर संस्कृति को समान सम्मान मिलता है।

# बड़ा सवाल : कौन बनेगा दिल्ली का रखवाला ?

## सरकार के गठन की कवायद तेज, पीएम करेंगे पार्टी नेताओं से बात, रेस में 15 विधायक

### सीएम-मंत्रीमंडल का होमवर्क पूरा

**नई दिल्ली।** भाजपा सरकार के गठन की प्रक्रिया शनिवार से तेज हो जाएगी, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देर रात अपने विदेशी दौरे से वापस लौटेंगे। इसके बाद, दिल्ली में नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंचेगी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने इस प्रक्रिया के लिए अपनी रणनीति पहले ही तैयार कर ली है और प्रधानमंत्री मोदी के दिल्ली पहुंचने के बाद सरकार बनाने की कवायद में तेजी आएगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने दिल्ली में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के चयन के लिए होमवर्क पूरा कर लिया है और अब केवल अंतिम निर्णय लिया जाना बाकी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 फरवरी को हो सकता है। इससे पहले 16 या 17 फरवरी को




विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच चर्चा के बाद विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल का चयन होगा।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा के नवनिर्वाचित 48 विधायकों में से 15 विधायकों के नाम को लेकर पार्टी ने विचार किया है। इन नामों में से नौ नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा, जो मुख्यमंत्री, मंत्री, स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के रूप में नियुक्त होंगे। इनमें प्रमुख नेता विजेंद्र गुप्ता, प्रवेश वर्मा, शिखा राय, रेखा गुप्ता, अरविंदर सिंह लवली, मनजिंद्र सिंह सिरसा, राजकुमार चौहान, कैलाश गंगवाल, अभय वर्मा, कपिल मिश्रा, आशीष सूद, सतीश उपाध्याय, मोहन सिंह बिष्ट, प्रद्युम्न राजपूत, कैलाश गहलोत और कुलवंत राणा बताए जा रहे हैं।

**विधायक दल की बैठक और नेतृत्व की तैयारी :** विधायक दल की बैठक से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कई राउंड की बैठकों में व्यक्तिगत तौर पर नवनिर्वाचित विधायकों से बातचीत की है। इन बैठकों में विधायकों के विचार और प्राथमिकताएं जानी गई हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि पार्टी के आगामी नेतृत्व और मंत्रिमंडल गठन में उनकी राय को ध्यान में रखा जाए। लिहाजा उनकी प्रधानमंत्री के साथ बैठक में यह तय किया जाएगा कि कौन सा विधायक मुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त है और किसे मंत्री या स्पीकर के रूप में नियुक्त किया जाए।

**पार्टी नेताओं की बैठक और सियासी रणनीति :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली लौटने के साथ ही भाजपा की राजनीति में नई हलचल देखने को मिलेगी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान दिल्ली में पार्टी की आगामी सियासी रणनीति पर चर्चा होगी। इस बैठक में दिल्ली की सरकार गठन की प्रक्रिया पर आखिरी फैसले लिए जाएंगे। भाजपा का पूरा ध्यान इस समय दिल्ली की सियासत पर केंद्रित है और आगामी दिनों में यह तय हो जाएगा कि पार्टी की नई सरकार का स्वरूप क्या होगा।

**नवीन सरकार और दिल्ली की सियासत :** भाजपा की नई सरकार बनने के बाद दिल्ली में एक नया मोड़ आएगा। पीएम मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि पार्टी के वादे पूरे किए जाएं और दिल्ली में विकास की गति तेज हो।

### सांप्रदायिक सौहार्द का उदाहरण बनी कार्रवाई

# 150 साल पुरानी मस्जिद के साथ मंदिर पर चला बाबा का बुलडोजर



**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में शुक्रवार की रात 150 साल पुरानी मस्जिद पुलिस की देखरेख में जमींदोज कर दी गई। इसके साथ ही बस स्टेशन के सामने बने हनुमान मंदिर को भी ढहा दिया गया। सिधौली कस्बा से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण जारी है। यह दोनों इमारतें पुल की सर्विस लेन की जद में आ रही थीं। इसलिए गिरा दी गईं।



मामला सिधौली कोतवाली क्षेत्र का है। मस्जिद कमेटी के सदस्य मोहम्मद जाकिर ने बताया कि 1315 हिजरी में इस मस्जिद का निर्माण हुआ था। करीब 150 साल पुरानी मस्जिद का निर्माण राजा महमूदाबाद ने करवाया था। फिर वर्ष 1899 में इस मस्जिद का जीर्णोद्धार किया गया था।

**रजामंदी से इसे गिरवाया जा रहा :** बताया कि शासन से करीब 40 लाख रुपये का मुआवजा मिला है। नई मस्जिद का निर्माण एक मदरसे की जमीन पर करने की अनुमति भी मिल गई है। शासन की सहायता से जल्द उसका निर्माण शुरू करवा देंगे। कहा कि यह मस्जिद राष्ट्रीय महत्व के एक काम के बीच में आ रही थी। सबकी रजामंदी से इसे गिरावाया जा रहा है। कोई आपत्ति नहीं है।

एएसपी डॉ प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की रजामंदी के बाद धार्मिक स्थलों के भवनों को गिराया जा रहा है। ओवरब्रिज के निर्माण में कोई बाधा नहीं है। निर्माण कार्य जारी है।

**हनुमान मंदिर का भी निर्माण जारी :** करीब 125 साल पुराने हनुमान मंदिर को भी गिराया गया है। इस मंदिर का उसी स्थान से पीछे हटकर निर्माण कराया जा रहा है। वहीं, इसके भवन को भी तोड़ा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर मौजूद रहे। यह कार्रवाई विकास और सांप्रदायिक सौहार्द का उदाहरण बन गई है।

# उत्तराखंड में मौसम ने ली करवट...

## चकराता, औली और यमुनोत्री में हुई बर्फबारी

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड में शनिवार को मौसम के करवट लेते ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। चकराता, औली और यमुनोत्री में बर्फबारी की सिलसिला जारी है। मौसम के बदले मिजाज के चलते एक बार फिर लोगों को ठंड का अहसास हुआ। उत्तराखंड में आज पहाड़ से लेकर मैदान तक मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कुछ जगहों पर बारिश के साथ ठंडी हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग की ओर से पूर्व में ही आज शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश के आसार जताए गए थे। यमुनोत्री धाम में बर्फबारी का सिलसिला जारी है। आज सुबह से प्रदेश में बदले मौसम के



मिजाज ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून के ऊंचाई वाले इलाकों के साथ उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर और रुद्रप्रयाग जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए गए थे। हालांकि कुछ जिलों में मौसम साफ है।

# अब ड्रोन से होगा मच्छरों पर हमला

## एम्स ने डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण के लिए तैयार की कार्ययोजना

**ऋषिकेश।** अब ड्रोन से मच्छरों पर हमला होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की टेली मेडिसिन विभाग ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है। विभाग विजुअल लाइन ऑफ साइट तकनीक के तहत ड्रोन के माध्यम से गंदगी वाले क्षेत्रों में दवाइयों का छिड़काव करेगा।



एम्स में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर यूज ऑफ ड्रोन इन मेडिसिन की स्थापना की गई है। वर्ष 2023 से नियमित ड्रोन मेडिकल सेवा का संचालन किया जा रहा है। उक्त सेवा का वर्चुअल उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। अभी तक एम्स की ड्रोन सेवा बियॉन्ड विजुअल लाइन ऑफ साइट (बीवीएलओएस) पर कार्य कर रही है। इसके तहत दूरस्थ क्षेत्रों में दवाइयां भेजने के साथ ही इन क्षेत्रों के पीएचसी, सीएचसी और जिला अस्पतालों से ब्लड सैंपल एम्स लाए जा रहे हैं।

अब एम्स ने प्रशासन विजुअल लाइन ऑफ साइट (वीएलओएस) के तहत कार्य करने की योजना तैयार की है। इसके तहत ड्रोन से मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी। जहां गंदगी के चलते अत्यधिक मच्छर हैं और उनसे चिकनगुनिया, डेंगू, मलेरिया आदि जैसे रोगों के फैलने की आशंका रहती है। ड्रोन से ऐसे क्षेत्रों में दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा। संवाद

# माघी पूर्णिमा के बाद फिर स्नानार्थियों की संख्या एक करोड़ पार

## आज भी महाकुंभ में भीड़ उमड़ने की उम्मीद









**महाकुंभ नगर।** माघी पूर्णिमा के बाद भी स्नानार्थियों की संख्या कम होती नहीं दिख रही। त्रिजटा स्नान पर्व पर भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। मेला प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार दिन में दो बजे तक ही 92 लाख से अधिक लोग स्नान कर चुके थे।


माघी पूर्णिमा के बाद एक दिन श्रद्धालुओं की संख्या कुछ कम रही लेकिन शुक्रवार से फिर भीड़ उमड़ने लगी है। शनिवार को तो हर पग संगम तथा गंगा घाट की तरफ बढ़ते दिखे। इसका नतीजा रहा कि दो दिन बाद फिर से एक दिन में स्नानार्थियों की संख्या एक करोड़ पार हो गई।

काली, त्रिवेणी, बांध, नागवासुकी मार्ग के साथ अखाड़ा सेक्टर के अलग-अलग मार्गों पर भी श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा। इस भीड़ की झलक शुक्रवार की रात में ही देखने को मिल गई थी। काली तथा अन्य प्रमुख सड़कों से श्रद्धालुओं के आने क्रम शुरू हो गया था। शनिवार की भोर से तो आस्था पर परवान चढ़ने लगी और सूरज निकलने के साथ चरम पर रही।

गंगा घाट की तरफ जाने वाले हर मार्ग पर चलना भी मुश्किल हो रहा था। संगम तथा झूंसी की तरफ ऐरावट घाट पर दबाव न बढ़ने पाए, इसलिए स्नानार्थियों को अलग-अलग घाटों पर डायवर्ट कर दिया जा रहा था। इसका नतीजा रहा कि संगम तथा ऐरावत के अलावा अन्य घाटों पर भी लगातार भीड़ बनी।

श्रद्धालुओं के आने तथा स्नान का यह सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 16 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# सोमवार को नगर निगम के सदन में होगी लंबे समय बाद मीटिंग

## साप्ताहिक बाजार और विकास कार्यों का उठेगा प्रमुखता से मैटर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम में लंबे समय से बैठक नहीं हो रही थी और इस बैठक के होने के संकेत मिले हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोमवार को नगर निगम में सदन की बैठक होगी और सदन की बैठक में इन दिनों का सबसे हॉट टॉपिक साप्ताहिक बाजार का मामला प्रमुखता के साथ उठाया जाएगा। तो वहीं नगर निगम के अलग-अलग वार्डो से पार्षद निर्माण ,विकास कार्य के मैटर को भी रखने का काम करेंगे। वहीं शिवरात्रि और होली के पर्व से पहले नालों की सफाई, सीवर लाइन और सड़कों की मरम्मत के विषय को भी उठाया जाएगा। बता दें कि लंबे समय से नगर निगम के पार्षद उनके क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर परेशान चल रहे थे। कुछ महापूर्व पार्षदों ने नगर निगम की बैठक न होने को लेकर नाराजगी जताई थी। तो विकास कार्यों के रुकावट को लेकर भी उनका रोष सामने आया था।



### महापौर और नगर आयुक्त की मौजूदगी में होंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

**करंट क्राइम ।** नगर निगम गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम सभागार में सोमवार को होने वाली सदन की बैठक में एक बार फिर अभी नगर निगम उपाध्यक्ष वाली स्थिति क्लियर नहीं होगी। इसके लिए कार्यकारिणी की अलग से बैठक बुलाई जाएगी। वहीं सोमवार को सदन में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और महापौर सुनीता दयाल के समक्ष विभाग के अधिकारी कई महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं को रखेंगे। तो वहीं नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों से जुड़े तमाम प्रमुख फैसलों पर दोनों की राय भी ली जाएगी। कुल मिलाकर सोमवार को नगर निगम गाजियाबाद के सदन में होने वाली बैठक शहर के विकास और पार्षदों की आवाज को लेकर बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है।

## सीवर और नालों की समस्या पर भी आवाज उठाएंगे पार्षद



### इंदिरापुरम के हैंडोवर को लेकर भी रहेगा शोर, पार्षद देंगे विकास कार्यों पर जोर

**करंट क्राइम ।** इंदिरापुरम नगर निगम को हैंडोवर होने की प्रक्रिया लगभग आधे पर पहुंच चुकी है। इसके लिए बजट भी पास हो चुका है। तो वहीं विकास कार्यों को लेकर नगर निगम इंदिरापुरम क्षेत्र के पार्षद अपनी समस्या और मांग रखेंगे। नगर निगम के पार्षद चाहते हैं कि जब जीडीए से उनका इलाका मिल रहा है, तो वहां की स्थिति और समस्याओं में सुधार होना चाहिए। पार्कों से लेकर सड़क और स्ट्रीट लाइट से लेकर सीवर लाइनों की सफाई का मामला भी साफ होना चाहिए।

### पार्षद और कार्यकारिणी सदस्य बैठक में देंगे कई विषयों पर अपनी राय

**करंट क्राइम ।** नगर निगम ने वैसे तो जल्द ही टाउन वेंडिंग कमेटी के दोबारा से बनाने और उनके द्वारा शहर में कहां पर बाजार लगेंगे और कहां का बाजार शिफ्ट किया जाना है। इसकी रणनीति बनानी शुरू कर दी है लेकिन सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम के कई पार्षद भी साप्ताहिक बाजार को लेकर अपना पक्ष रखना चाहते हैं। वह कई इलाकों के बाजार के पक्ष में हैं, तो कई बाजार उनकी आंखों में खटक रहे हैं। नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि सोमवार को नगर निगम सभागार में होने वाली बैठक में साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार का मामला तो प्रमुखता के साथ उठेगा ही, इसके साथ ही कई कार्यकारिणी सदस्य और नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद भी साप्ताहिक बाजार को लेकर अपनी राय नगर निगम के सदन में प्रस्तुत कर सकते हैं। वहीं कई इलाकों के पार्षद साप्ताहिक बाजार के पक्ष में हैं, तो कई इसका खुलकर विरोध जाता रहे हैं।

# शहर विधायक संजीव शर्मा व जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, प्राप्त 135 शिकायतों में से 13 का मौके पर हुआ निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासनादेश के क्रम में प्रत्येक माह के प्रथम व तीसरा शनिवार को मनाये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस, जिलाधिकारी दीपक मीणा के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में मनाया गया। सदर विधायक संजीव शर्मा की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 06 का निस्तारण किया गया।

**मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है जनसेवा, जिसके लिए हम सदैव तत्पर रहते हैं : विधायक संजीव शर्मा**

विधायक संजीव शर्मा ने इस मौके पर सभी अधिकारियों को जनता के कार्यों में कोताही ना बरतने एवं उनका सहयोग/मदद करने के लिए कहा। उन्होने शिकायतकर्ताओं से कहा कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में से एक है जनसेवा, जिसके लिए हम सदैव तत्पर रहते हैं। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एडीएम सिटी, एसडीएम सदर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शिकायत के निस्तारण उपरान्त संबंधित से फीड़बैक लेना भी सुनिश्चित किया जाए : जिलाधिकारी दीपक मीणा**

**मोदीनगर तहसील:** जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने इस मौके पर कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित किया जाएं। शिकायत के निस्तारण उपरान्त सम्बंधित से फीड़बैक लेना भी सुनिश्चित किया जाएं। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर जीडीए सचिव,



मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम मोदीनगर, सीएमओ, एसीपी मोदीनगर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 41 शिकायतें प्राप्त हुईं और 2 का मौके पर किया गया निस्तारण

**लोनी तहसील:** एसडीएम लोनी राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। इस दौरान कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया। आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस मौके पर एसीपी लोनी, ईओ, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में 135 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

# हाउस टैक्स वसूली को लेकर नगर निगम की कार्रवाई तेज, आज लगेगा 12 स्थानों पर कैम्प

## 31 मार्च तक टारगेट पूर्ण करने के लिए अधिकारी जोन वार कर रहे हैं समीक्षा, अपर नगर आयुक्त ने वसुंधरा जोन टीम से की बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की कार्य योजना के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम लगातार हाउस टैक्स वसूली को बढ़ा रहा है जिसके लिए पांचों जोन में जोनल प्रभारी के द्वारा हाउस टैक्स वसूली के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। करदाताओं की सहूलियत के लिए रविवार के दिन 12 कैंप लगेंगे जिसमें मोहन नगर अंतर्गत शहीद नगर जयपाल चौक, जेपी एनक्लेव पर हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगेगा, विजयनगर अंतर्गत क्रॉसिंग रिपब्लिक क्लब हाउस, आदर्श कॉलोनी बिहारीपुरा जेपी कंपाउंड, गुलाबी टंकी सेक्टर 11 में कैंप लगेगा सिटी जोन अंतर्गत रेजिडेंसी राज नगर सोसायटी राज नगर एक्सटेंशन, हरबंस नगर में कैंप लगेगा वसुंधरा जोन अंतर्गत शक्ति खंड, पारस नाथ वैभव खंड, आदित्य मेगा सिटी वैभव खंड, अम्रपाली विलेज न्याय खंड में हाउस टैक्स वसूली का कैंप लगेगा, कवि नगर जॉन अंतर्गत अवंतिका श्रीओन सोसाइटी में कैंप लगाया जाएगा।

नगर आयुक्त की निर्देश के क्रम में वरिष्ठ प्रभारी भी गाजियाबाद नगर निगम की हाउस टैक्स वसूली में लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र द्वारा सभी जोनल प्रभारी के साथ-साथ टीम के साथ बैठक की गई तथा चल रहे कार्यों को रफ्तार दी गई। अपर नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा की टीम के साथ बैठक करते हुए हाउस टैक्स वसूली बढ़ाने हेतु मोटिवेट किया गया तथा शेष 18 करोड़ की वसूली को रफ्तार देने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा गया जिसमें आवश्यकता पड़ने पर सीलिंग की कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए मौके पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव व सुनील राय भी उपस्थित रहे।

# सगे भाई करते थे चोरी की वारदात

## दवा कारोबारी के घर हुई घटना का पुलिस ने किया खुलासा, बरामद किया लाखों का माल

### लिंक रोड में दवा कारोबारी के घर हुई लाखों की चोरी में मिला पूरा माल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले लिंक रोड थानाक्षेत्र के सूर्य नगर में रहने वाले दवा कारोबारी के घर हुई लगभग 70 लाख रुपए के सोने-चांदी और डायमंड के आभूषण और लाखों रुपए कैश चोरी होने का मामला सामने आया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल और सर्विलांस से अपनी टीम के जरिए घटना का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी रफीक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका सगा भाई जमील अभी फरार है। दोनों ही भाई पहले घर में वारदात करने से पूर्व रेकी करते हैं। फिर एक भाई माल को चोरी करता और दूसरा उसको डिस्पोजल करता था। शनिवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने लिंक रोड थानाक्षेत्र में हुई घटना के खुलासे की प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी है कि इस मामले में पुलिस ने लगभग शतप्रतिशत बरामदगी की है।



### चोरी के बरामद माल से भर गई पुलिस प्रेसवार्ता में मेज



**करंट क्राइम।** बीते दिनों लिंक रोड थानाक्षेत्र के सूर्य नगर में रहने वाले दवा कारोबारी बंसल परिवार के घर हुई लाखों रुपए की चोरी का मामला पुलिस के लिए बेहद महत्वपूर्ण था। इसके खुलासे के लिए खुद डीसीपी के निर्देश में चार टीमों का गठन किया गया था। तो वहीं एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय पूरे मामले की मॉनीटरिंग कर रहे थे। थानाध्यक्ष लिंक रोड प्रीती सिंह छुट्टी पर चल रही थी, लेकिन वह अपनी टीम से लगातार फोन पर संपर्क करती थी। बताया जा रहा है कि इस मामले में जब शनिवार को पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, तो पुलिस ने प्रेसवार्ता की मेज पर समान ही समान सजा दिया था। वहीं अधिकारियों का दावा है कि इस मामले में लगभग 7 लाख रुपए कैश गया था, जबकि पुलिस ने चार लाख रूपए से अधिक बरामद किया है। एक आरोपी इसमें अभी फरार है, तो वहीं लगभग 70 लाख रुपए के आसपास के सोने-चांदी और डायमंड के जेवर भी बरामद कर लिए हैं।

### घर से चोरी हुए थे दो फोन, एक हुआ ऑन तो पुलिस को मिला सुराग

**करंट क्राइम :** एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने जानकारी दी है कि दवा कारोबारी के घर से दो मोबाइल फोन भी चोरी हुए थे। इसमें से एक फोन घटना के कुछ घंटे बाद ऑन हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने उस नंबर पर सर्विलांस के जरिए रडार तक पहुंचाने का काम किया। जिसके बाद पुलिस ने रफीक और आरोपी जमील की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने रफीक को गिरफ्तार किया है जबकि फरार जमील की गिरफ्तारी का पुलिस प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है दोनों रिश्ते में सगे भाई हैं और दिल्ली के रहने वाले हैं। पहले यह दिन में रेकी करते हैं, फिर तड़के या देर रात वारदात को अंजाम दिया करते थे। खास बात यह है कि यह अधिकांश वारदात पॉश इलाके में किया करते थे ताकि इनको अधिक माल मिल सके। पुलिस का कहना है कि एक मोबाइल फोन ऑन हुआ था, जिसकी वजह से काफी जानकारी और सुराग आसानी से मिल पाए हैं।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

## संत त्रिलोचन दास महाराज जैसे संत ही पूरे विश्व को सही दिशा व दशा दे सकते हैं : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

### श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज जैसे महान संतों के कारण ही सनातन धर्म व भारत का परचम पूरे विश्व में सबसे ऊपर रहा और हमेशा रहेगा : संत त्रिलोचन दास महाराज



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सचखंड नानक धाम, इंद्रापुरी लोनी के 45 वें स्थापना दिवस के दूसरे दिन विराट दास धर्म संत समागम का आयोजन किया गया। संत समागम में देश-विदेश के संत शामिल हुए। दास धर्म के प्रमुख संत त्रिलोचन दास महाराज की अध्यक्षता में हुए विराट दास धर्म संत समागम में मुख्य अतिथि श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज रहे। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि सचखंड नानक धाम की स्थापना संत दर्शन दास ने 1973 में बटाला में की थी। सचखंड नानक धाम ईश्वर का ऐसा सच्चा घर है, जो मनुष्य का ईश्वर से साक्षात्कार



दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

कराता है और पूरे विश्व को मानव कल्याण की शिक्षा देता है। महाराजश्री का सपना अखंड भारत की स्थापना करना था और अपने इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने लोनी में जब सचखंड नानक धाम की स्थापना की तो यहां पर जंगल ही जंगल था, मगर महाराजश्री के कदम पडते ही यह पूरा क्षेत्र विश्व का प्रमुख आयात्मिक केंद्र बन गया। समाज की असली शक्ति उसकी एकता में ही है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वक्फ बोर्ड को तत्काल समाप्त कर सनातन बोर्ड प्राथमिकता के साथ गठित करने की मांग की जिससे सनातन धर्म की रक्षा की जा सके। आज हमारे सनातन धर्म में प्रेरणा का स्रोत है। निर्मल अखाड़े के परमध्यक्ष श्री महंत ज्ञान देव सिंह शास्त्री ने कहा कि संत महापुरुष व्यक्तिगत मोक्ष प्राप्ति के लिए बल्कि समाज की भलाई और मानवता की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं। कथा व्यास स्वामी अर्पित महाराज,अरुण चैतन्यपुरी, बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ;अयोध्या लंगर वाले, स्वामी भूपेंद्र गिरीए आध्यात्मिक गुरु स्वामी दीपांकर महाराज, भागवत आचार्य संजीव कृष्ण ठाकुर वृंदावन, जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी राम दिनेशाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर बाल साध्वी पुष्पांजलि पुरी, संत बाबा रणजीत सिंह, आध्यात्मिक गुरु महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद, तन्मय वशिष्ठ, आचार्य विवेक मुनि, स्वामी योग भूषण महाराज, श्रीमहंत स्वामी ज्ञान देव सिंह, दीपक दास, हेरि दास, राम आहूजा आदि भी मौजूद रहे। दास धाम समागम में पहुंचे सभी संत महापुरुषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

## संपादकीय

# मतभेदों के बीच मैत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनके कूटनीतिक कौशल से टैरिफ मसले समेत कई मुद्दों पर सकारात्मक नतीजे निकले। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच गहरी पर्सनल केमेस्ट्री नजर आई। टअ्रक्ष और टक्क्ष के नारे ने दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में नए प्रयासों की शुरूआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिका यात्रा को विशेष माने जाने के एक नहीं, कई कारण रहे। यह दो 'बहुत अच्छे दोस्तों' को 'बेहद टफ नेगोशिएटर' की भूमिका में देखने का एक दिलचस्प मौका तो थी ही, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। संदेह की परतें दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की पर्सनल केमेस्ट्री भी चर्चित रही है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर संदेह की परतें चढ़ा दी थीं। अमेरिकी राष्ट्रपति बार-बार टैरिफ का सवाल उठा रहे थे। यात्रा से ठीक पहले जिस तरह से भारत के इलीगल माइग्रेंट्स को सैनिक विमान में स्वदेश भेजा गया, उसने भी माहौल को बिगाड़ने में कम बड़ी भूमिका नहीं निभाई।

आखिरी पलों में ऐलान जो थोड़ी-बहुत कसर बाकी थी, वह भी आपसी मुलाकात से ठीक पहले राष्ट्रपति ट्रंप के इस ऐलान से पूरी हो गई कि अमेरिका समान टैरिफ की पॉलिसी पर चलेगा। उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि जो देश हम पर जितना टैरिफ लगाएगा, हम उस पर उतना ही टैरिफ लगाएंगे। यह भारत को परोक्ष लेकिन सीधी चेतावनी थी। इस माहौल में तनाव को हावी होने दिए बगैर पीएम मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन" तो बन जाता है जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह कहने में भी संकोच नहीं किया कि राष्ट्रपति ट्रंप की तरह वह भी अपने राष्ट्रहित का अनुसरण करेंगे। यूं बनी बात इस कूटनीतिक कौशल का ही नतीजा था कि जो माहौल टकराव की ओर जाता दिख रहा था, वह सहयोग बढ़ाने के प्रयासों की ओर केंद्रित हो गया। न केवल टैरिफ जैसे मसलों पर फ्रेमवर्क बनाने की बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी बल्कि अंतरिक्ष यात्रा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर नजरें जम गईं। मुंबई टेरर अटैक के एक साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण का राष्ट्रपति ट्रंप ने वहीं ऐलान भी कर दिया। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन पीएम मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा।

# मोदी सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का तैयार किया रोडमैप : मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि वह आर्थिक विस्तार को बढ़ावा देने के जरूरी बुनियादी ढांचे को विकसित करने से चूक गईं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है और उसे हासिल करने के लिए रोडमैप तैयार किया है। मांडविया ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि अतीत में आर्थिक विकास के कई मौके आए, लेकिन देश तैयार नहीं था। इसके लिए उन्होंने उदाहरण दिया कि यह ऐसे ही है जैसे कोई यात्री बिना टिकट और सामान के ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता है। मंत्री ने कहा कि कई ट्रेनें (आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अवसर) आईं और चली गईं, लेकिन देश सही समय पर अपने सामान और टिकट (विकास का रोडमैप) के साथ तैयार नहीं था।

श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे मांडविया ने विशेष रूप से उस बुनियादी ढांचे की कमी का जिक्र किया, जो समय के साथ उच्च आर्थिक वृद्धि हासिल करने के लिए जरूरी था।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अब 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। मांडविया ने कहा, अपनी धरोहर से गहराई से जुड़े रहकर भारत का आर्थिक विकास होना चाहिए। साथ ही नवाचार को भी अपनाया जाना चाहइ। सिंदु घाटी के व्यापारियों से लेकर आचार्य चाणक्य तक हमारे पूर्वजों ने आत्मनिर्भरता और उद्यमिता की नींव रखी और उनके सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के जरिए इस भावना को पुनर्जीवित किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, एक दशक पहले भारत में सिर्फ चार यूनिकॉर्न थे, आज हमारे पास 188 यूनिकॉर्न हैं, जो यह साबित करता है कि प्रतिभा और नवाचार को बढ़ावा देने से अर्थव्यवस्था बदल सकती है। उन्होंने परंपरा को आधुनिक प्रगति के साथ जोड़ने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, हम एक स्पष्ट रोडमैप के साथ विकसित भारत की बात कर रहे हैं। पिछले छह वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और 60 करोड़ भारतीयों को आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिली है।

# 12 लाख से अधिक आय पर कैसे लगेगा टैक्स?

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा ने कहा कि मार्जिनल टैक्स रिलीफ सिर्फ 12.75 लाख रुपये तक की आमदनी पर ही लागू होती है। यदि किसी व्यक्ति की सालाना इनकम 13 लाख रुपये है, तो उसे पूरे 13 लाख रुपये की आमदनी पर टैक्स देना होगा। यदि आय 12.76 लाख रुपये है, तो पूरे 12.76 लाख रुपये पर कर देना होगा, न कि केवल 76,000 रुपये पर। केंद्र सरकार ने नए बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कर राहत दी है। सरकार का दावा है कि अब 12 लाख रुपये वार्षिक यानी एक लाख रुपये हर महीने कमाने वालों को कोई कर नहीं देना होगा, लेकिन आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने कहा है कि सरकार केवल शब्द जाल में लोगों को बहलाने की कोशिश कर रही है। चड्ढा के अनुसार, 12 लाख रुपये से अधिक आय होने पर लोगों को अपनी पूरी आय पर टैक्स देना होगा। इस तरह इसे पूरी तरह आय कर में छूट नहीं कहा जा सकता। शुक्रवार को एक बयान जारी कर चड्ढा ने कहा कि वित्त मंत्री ने



तकनीकी शब्दों का इस्तेमाल करके मिडिल क्लास को असली टैक्स मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश की है। राघव चड्ढा ने स्पष्ट किया कि उनके बजट भाषण में कई महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। उन्होंने रेल यात्रियों की समस्याएं, मिडिल क्लास की खस्ता माली हालत, अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ और गिरते भारतीय रुपये पर अपनी बात संसद में रखी थी।

# आयकर विभाग की वेबसाइट पर अपलोड हुआ आयकर विधेयक

## मौजूदा कानून से कर सकते हैं मिलान

**नई दिल्ली।** आयकरदाता अब आयकर अधिनियम, 1961 की धाराओं का मिलान आयकर विधेयक, 2025 के संबंधित खंडों से कर सकते हैं। आयकर विभाग ने आयकर कानून 1961 की नए आयकर विधेयक की धाराओं के साथ मैपिंग कर दी है और



आयकरदाता आयकर विभाग के पोर्टल पर जाकर इनका मिलान कर सकते हैं। सरलीकृत आयकर विधेयक 2025 को बीती 13 फरवरी को ही लोकसभा में पेश किया गया था।

### विधेयक में हुए हैं ये बदलाव

विधेयक के पारित होने के बाद आयकर विधेयक 2025, 64 साल पुराने आयकर कानून की जगह लेगा। दरअसल समय के साथ आयकर कानून में बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही थी। आयकर विधेयक 2025 में 2.6 लाख शब्द हैं, जबकि आयकर कानून में शब्दों की संख्या 5.12 लाख है। नए विधेयक में 536 धाराएं हैं, जबकि मौजूदा कानून में 819 प्रभावी धाराएं हैं। नए विधेयक में 23 अध्याय हैं, जबकि मौजूदा कानून में 47 अध्याय हैं। विधेयक में 57 सारणी हैं जबकि मौजूदा आयकर कानून में 18 सारणियां हैं। नए विधेयक में आयकरदाताओं को कर की गणना करने में आसानी होगी। मौजूदा कानून की तुलना में नए विधेयक में 1200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। 14 फरवरी को एक्स पर साझा पोस्ट में आयकर विभाग ने बताया कि करदाता ड्रॉप डाउन मेनू से आयकर अधिनियम, 1961 की धारा का चयन कर सकता है और उसके अनुसार, आयकर विधेयक में संबंधित खंड दिखाई देंगे। इसके अलावा, करदाताओं की सुविधा के लिए सारणीबद्ध प्रारूप में अनुभागवार मैपिंग की गई है। विधेयक में छोटे वाक्यों का उपयोग किया गया है और तालिकाओं और सूत्रों के उपयोग से इसे पाठकों के लिए आसान बनाया गया है।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक पर केस

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक, लेखा प्रमुख और उनके सहयोगियों के खिलाफ 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मामले को आगे की जांच के लिए शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया, 'बैंक के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी



देवर्षि घोष ने शुक्रवार को मध्य मुंबई के दादर पुलिस थाने में जाकर पैसे के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई।' शिकायत के अनुसार उन्होंने बताया, 'बैंक के महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश रची। बैंक के प्रभादेवी और गोरेगांव कार्यालयों की तिजोरियों में रखे धन से 122 करोड़ रुपये का गबन किया।' उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर मेहता और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316 (5) (लोक सेवकों, बैंकरों और भरोसेमंद पदों पर बैठे अन्य लोगों द्वारा आपराधिक विश्वासघात), 61 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दायरे को देखते हुए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंप दिया गया है। एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है। सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में से अधिकांश मुंबई महानगर में इस सहकारी बैंक की 28 शाखाओं में से अधिकांश मुंबई महानगर में स्थित हैं।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज की तारीख कीर्ति सक्सेना तथा भारत सक्सेना के लिए सबसे खास है। आज यानि 16 फरवरी को दोनों सात फेरो के साथ थाम कर एक दूजे का साथ एक दूसरे के हमसफर बने थे। जिंदगी के सफर में एक दूसरे के जीवन साथी बने थे। सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक ओर वर्ष पूरे हर्ष के साथ पूरा किया। परिवार के सभी लोगों ने कीर्ति सक्सेना तथा भारत सक्सेना को स्पेशल विश के साथ उनकी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की।

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिल रोमांटिक हो रहा है। आप अपने लव पार्टनर या पार्टनर के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। प्रेम विवाह के योग बन रहे हैं।
**वृष:** आज आप में गजब का आकर्षण है, जो विपरीत लिंग के लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर सकता है। मोबाइल और नेट चैटिंग में अधिक समय व्यतीत होगा।
**मिथुन:** पार्टनर से दूरियां बढ़ सकती हैं। जिससे मन उदास रहेगा। दांपत्य जीवन में भी विवाद बना रहेगा। सोशल साइट पर किसी से प्रेम संबंध स्थापित हो सकते हैं।
**कर्क:** विश्वास की नींव पर टिका है प्यार। आपका यह एक्सप्रेशन आपके लव पार्टनर को खुश कर देगा और आपकी प्यार की नैया किनारे की ओर चल पड़ेगी।
**सिंह:** अपनी बुद्धिमत्ता और सतर्कता के कारण आज आपको लाभ मिलेगा। किसी भी तरह के फैमिली पार्टनर से लड़ाई-झगड़े से बचें। पत्नी से धन प्राप्ति के योग हैं।
**कन्या:** परिवार से प्रेम विवाह की हरी झंडी मिल सकती है। पति-पत्नी के आपसी तालमेल से जीवन सुखमय रहेगा। पार्टनर से नजदीकियां बढ़ेगी।
**तुला:** लव पार्टनर नाराज हो सकता है। वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। जीवन में कई नए दोस्तों की एंट्री हो सकती है, यह समय संभलकर रहने का भी है।
**वृश्चिक:** आज आपका भाग्य आपके साथ रहेगा। प्रेमी, जीवन साथी से प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। आपसी तालमेल जीवन में बहार ला सकता है।
**धनु:** आज पूरा दिन यात्रा में व्यतीत होगा। खुलकर और जोर-शोर से अपने प्यार का इजहार करेंगे। ससुराल पक्ष को लेकर पति-पत्नी के बीच अनबन हो सकती है।
**मकर:** आज का दिन आपके लिए बहुत ही शुभ है। इस राशि के कुछ जातकों की आज सगाई हो सकती है। अगर आप सिंगल हैं तो आपको लव पार्टनर मिल सकता है।
**कुंभ:** आज आपको अपने लव पार्टनर से अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। आपकी पोस्ट को फेसबुक, सोशल साइट्स पर काफी लाइक्स मिल सकते हैं।
**मीन:** प्रेम संबंधों के लिए दिन सामान्य रहेगा। लव पार्टनर के साथ शाम बिता सकते हैं। मोबाइल पर और बातें होंगी। माता-पिता की सलाह जीवन में तरक्की लाएगी।

## चुटकुले

पिंकू- मम्मी, मुझे स्कूल से निकाल दिया गया है।
मम्मी- क्यों?
पिंकू- मैंने तो बस एक मच्छर मारा था।
मम्मी- इतनी सी बात पर कोई नहीं निकालता है।
पिंकू- मच्छर टीचर के गाल पर बैठा था।

---

एक आदमी - तुम्हारा इस लड़के से क्या रिश्ता है?
लड़का - जी, बहुत दूर का रिश्ता है।
आदमी - फिर भी क्या रिश्ता है?
लड़का - जी, वह मेरा सगा भाई है।
आदमी - तो तुम इसे दूर का रिश्ता क्यों बताते हो?
लड़का - क्योंकि इसके और मेरे बीच 7 भाई और हैं।

---

पप्पू - झगड़ते वक्त बीवी का मन कैसे भटकाना चाहिए, पता है?
गप्पू - नहीं, तुम ही बताओ।
पप्पू - सिर्फ इतना बोलो- 'सुंदर हो तो कुछ भी बोलोगी क्या...'
ये 100 फीसदी काम करता है...!

## 16 02 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन

# आज के जन्मदिन



निधी सुब्बईया (अभिनेत्री)



शिवांस | अंजू सिंह | शालिनी सिंह | अशोक गोयल



नरेश रैना | पंकज शर्मा | देवेंद्र भारती | पंकज नागर | अनित कश्यप | अमित राजपूत



अंकुर गोयल | मेघेंद्र शर्मा | राहुल शर्मा | राजेश तोमर | सम्भव राज बक्स | संदीप त्यागी



मनोज शर्मा | अजित कश्यप | मोहम्मद सलमान | मोहित | राजीव चौहान | शिवम गौड़



तेजस गोस्वामी | दीपक यादव | गिरीश कुमार | महेश उपाध्याय | राजकिशोर सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# धोनी की इस चाल को भूल नहीं पा रहे हैं अश्विन-कार्तिक और रैना, 2013 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल को किया याद

**नई दिल्ली ।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ 2013 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के दौरान एमएस धोनी की ऑन-फील्ड रणनीतिक प्रतिभा को याद किया और कहा कि वह जोनाथन ट्रॉट को आउट करने की एमएस धोनी की सलाह से हैरान रह गए थे। बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेले गए 2013 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत का सामना मेजबान देश इंग्लैंड से हुआ था। बारिश के खलल ने मुकाबले को 20-20 ओवर का बना दिया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 129 रनों का बचाव किया था। पूर्व कप्तान की खेल जागरूकता और रणनीतिक सोच को याद करते हुए अश्विन ने जियोहॉटस्टार के 'अनबीटनः धोनी डायनामाइट्स' के एक विशेष एपिसोड के दौरान ट्रॉट को आउट करने के पीछे की कहानी सुनाई।





अश्विन ने कहा, 'मुझे अभी भी याद है कि माही भाई मेरे पास आए और कहा- ट्रॉट को ओवर द स्टंप गेंदबाजी मत करो। अराउंड द विकेट गेंदबाजी करो ट्रॉट लेग साइड पर खेलने की कोशिश करेगा और अगर गेंद स्पिन करती है, तो वह स्टंप हो जाएंगे। मुझे अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि उन्होंने यह भविष्यवाणी इतनी आसानी से कैसे कर दी थी।' धोनी के नेतृत्व में इस जीत से भारतीय टीम की काफी तारीफ हुई थी। धोनी तीन-तीन आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले कप्तान बने थे।



पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी टीम के लचीलेपन और दबाव में अहम फैसले लेने की धोनी की क्षमता पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा- यह हमारे लिए यह दिखाने का मौका था कि टीम इंडिया के लिए क्रिकेट क्या मायने रखता है। हम लचीले थे, हमने वापसी के लिए लड़ाई लड़ी और हमारे पास कभी हार न मानने की मानसिकता थी। इंग्लैंड लगभग जीत के करीब था और वह आसानी से जीत सकते थे, लेकिन धोनी ने कुछ शानदार रणनीतिक फैसले लिए और गेंदबाजों ने उनका साथ दिया।

भारत के पूर्व बल्लेबाज और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि 2013 चैंपियंस ट्रॉफी धोनी के नेतृत्व का एक वसीयतनामा था। उन्होंने कहा, 'यह उनका टूनार्मेंट था। ट्रॉफी पर धोनी लिखा हुआ था। उन्होंने इस टीम को लगभग अपनी छवि में ढाल लिया था और एक के बाद एक जीत हासिल की थी। यह आसमान द्वारा लिखी गई कहानी थी।'

धोनी ने उस मैच में जो फैसले लिए, वह इंग्लैंड के लिए घातक साबित हुए थे। ईशांत शर्मा को पहले स्पेल में खूब धुनाई पड़ी थी।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रवाना हुई टीम इंडिया
## रोहित शर्मा पर्सनल कार से पहुंचे एयरपोर्ट

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। यह टूनार्मेंट हाईब्रिड मॉडल के आधार पर खेला जाएगा। भारत ने राजनेतिक मसलों की वजह से पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है, जिस वजह से टीम इंडिया अपने सभी मुकाबले यूएई में खेलेगी, वहीं लीग स्टेज के अन्य सभी मुकाबले पाकिस्तान में खेले जाएंगे। भारतीय टीम का पहला बैच इस आईसीसी टूनार्मेंट के लिए शनिवार, 15 फरवरी को रवाना होग गया है। इस बैच में कप्तान रोहित शर्मा के अलावा कोच गौतम गंभीर और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली नजर आए। हालांकि रोहित मुंबई एयरपोर्ट अपनी पर्सनल कार से पहुंचे।



बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें एक नियम यह था कि सभी खिलाड़ियों को एक साथ टीम बस में ट्रैवल करना था। मगर रोहित के मुंबई एयरपोर्ट पर्सनल कार से पहुंचने पर फैंस सवाल उठा रहे हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी, वहीं चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से उनका मुकाबला 23 फरवरी को होगा। लीग स्टेज का आखिरी मैच टीम इंडिया 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बीसीसीआई फाइनल स्क्वॉड का ऐलान कर चुका है। जसप्रीत बुमराह चोट के चलते टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह हर्षित राणा को स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

# एलएलसीटेन10 में हरभजन ने खोले यादों के पन्ने
## कहा- आज भी याद आती है टेनिस बॉल से जीती ट्रॉफी

**लखनऊ ।** बड़ा क्रिकेटर बनने के लिए टेनिस बॉल अहम भूमिका निभा सकती है। यह कोई और नहीं दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह मानते हैं। भज्जी के अनुसार उन्होंने क्रिकेट की शुरूआत टेनिस बॉल से की और ऐसा कोई क्रिकेटर नहीं है, जिसकी शुरूआत टेनिस या रबर की गेंद से नहीं हुई हो। अमर उजाला से हरभजन खुलासा करते हैं कि टेस्ट पदार्पण से पहले उन्होंने जालंधर में टेनिस बॉल टूनार्मेंट जीता था। वह उनके लिए यादगार है।

### देश के लिए खेलने का भी मौका

हरभजन बताते हैं कि जालंधर में देवी तालाब मंदिर के सामने स्थित पार्क में टेनिस बॉल रात्रि टूनार्मेंट हुआ करता था। मैं उस वक्त पेशेवर क्रिकेटर हुआ करता था और बर्लटन पार्क में अभ्यास करता था। विपक्षी टीमों ने टक्कर दी, लेकिन हम टूनार्मेंट जीते थे। टेनिस बॉल से सफल होकर ही उन्होंने क्रिकेट को करियर बनाने का सोचा। टेनिस गेंद पर हिट मारना व गेंदबाजी दोनों मुश्किल हरभजन कहते हैं कि टेनिस और लेदर गेंद से खेलने का तरीका अलग हो सकता है, बाकी सब समान है। टेनिस गेंद पर हिट मारना और गेंदबाजी करना दोनों मुश्किल है। स्पिन अलग तरह से करना पड़ सकता है। बाउंस अलग है। हर बॉल में बाउंस में फर्क है।





**सचिन की तरह भीगी टेनिस गेंद से करते थे अभ्यास :** भज्जी बताते हैं कि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और द. अफ्रीका दौरे से पहले कोच टेनिस गेंद को पानी में भिगोकर अभ्यास कराते थे। इससे गेंद तेज निकलती थी। सचिन भी भीगी टेनिस गेंद से अभ्यास करते थे।

एलएलसीटेन10 लीग उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के प्रति जुनून और उत्साह को एक नई दिशा दे रही है। यह लीग युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मौका प्रदान कर रही है। लीग के सभी मैचों का प्रसार भारती के वेव्स चैनल पर सीधा प्रसारण हो रहा है 12 टीमें कर रही है।

## डेस्प्रिंग ईगल्स की अच्छी शुरूआत, आदर्श-चित्रांश क्रीज पर मौजूद, स्कोर 30 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली ।** डेस्प्रिंग ईगल्स की अच्छी शुरूआत हुई है। आदर्श और चित्रांश के बीच 19 रनों की साझेदारी हो चुकी है। शुरूआती दो ओवरों के बाद टीम का स्कोर 19/0 है। डेस्प्रिंग ईगल्स की पारी शुरू हो चुकी है। आदर्श और चित्रांश क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।



डेस्प्रिंग ईगल्स ने लखनऊ पैंथर्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

लीग में उत्तर प्रदेश की 12 टीमें खेल रही हैं, जिनमें राज्य के विभिन्न शहरों के खिलाड़ी शामिल हैं। इन टीमों के मेंटर क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और ब्रेट ली हैं। लीग के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा हैं, जबकि लीग कमिश्नर जोंटी रोड्स हैं।

एलएलसीटेन10 लीग उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के प्रति जुनून और उत्साह को एक नई दिशा दे रही है। यह लीग युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मौका प्रदान कर रही है। लीग के सभी मैचों का प्रसार भारती के वेव्स चैनल पर सीधा प्रसारण हो रहा है।

इससे पहले गुरुवार को हुए उद्घाटन समारोह में कई स्टार क्रिकटर्स का जलवा देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस लीग का उद्घाटन किया। उनके साथ मंच पर वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं, रंगारंग कार्यक्रम में गायक स्वरूप खान ने 'कर हर मैदान फतह' गाकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया।

# विराट कोहली ने ठुकराया आरसीबी की कप्तानी का ऑफर

**नई दिल्ली ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी फ्छइ ने हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के आगामी संस्करण के लिए रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। उनसे पहले फाफ डुप्लेसिस कप्तान थे, जिन्होंने क्ढछ 2025 से पहले आरसीबी ने ना तो रिटेन किया और ना ही मेगा ऑक्शन में उनको खरीदा। रजत पाटीदार को कप्तान नियुक्त करने के कदम का आरसीबी के प्रशंसकों ने स्वागत किया, लेकिन प्रशंसकों का एक समूह निराश था, क्योंकि वे दिग्गज विराट कोहली को फिर से टीम के कप्तान के द पर देखना चाहते थे। अगर विराट को कप्तानी का ऑफर मिला भी होगा तो उन्होंने इससे इनकार किया होगा, इसके बारे में पूर्व क्रिकेटर क्रिस श्रीकांत ने बात की।



983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे और 2011 वर्ल्ड कप के दौरान टीम के चीफ सिलेक्टर रहे के श्रीकांत ने कहा है कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया होगा। अपने यूट्यूब चैनल पर श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट ने कप्तानी से मना कर दिया होगा। उन्होंने कहा होगा कि 'मैं बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं।' मुझे लगता है कि यह सब विराट कोहली से कंसल्ट करने के बाद हुआ होगा।


पाटीदार ने घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की कप्तानी की है। श्रीकांत ने कहा कि चूंकि वह आईपीएल कप्तानी के लिए नए हैं, इसलिए उन पर अपेक्षाओं का बहुत अधिक दबाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, रजत पाटीदार एक अच्छा विकल्प हैं। वे आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अच्छी बात यह है कि उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होंगी। जब हमने 2007 में धोनी को टी20 विश्व कप का कप्तान नियुक्त किया था।

# उनकी अंग्रेजी अच्छी नहीं, द. अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हर्शल गिब्स ने बाबर आजम पर कसा तंज

**केप टाउन ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हर्शल गिब्स ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम पर उनके अंग्रेजी बोलने के कौशल को लेकर निशाना साधा है। यह पहली बार नहीं है जब किसी मौजूदा या पूर्व क्रिकेटर ने बाबर की अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता पर सवाल उठाया है। एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए गिब्स ने कहा कि बाबर का खराब संचार कौशल दूसरों के लिए अपना विचार रखने के दौरान थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फैन ने गिब्स से बाबर को बल्लेबाजी सलाह देने के लिए कहा था।

### गिब्स ने बाबर को लेकर कही यह बात

उस फैन ने लिखा, 'हे गिब्स, बाबर आजम को कुछ सुझाव दे सकते हैं। जैसे आपने कराची किंग्स के साथ पीएसएल 2021/2022 के दौरान किया था? मुझे लगता है कि वह इस बार आपके हस्तक्षेप से इनकार नहीं करेंगे।' इस पर गिब्स ने जवाब देते हुए लिखा- भाषा बाबर के साथ एक मुद्दा है। जैसा कि आप जानते हैं कि उनकी अंग्रेजी बहुत अच्छी नहीं है, इसलिए उनके सामने आपनी बात या पॉइंट्स रखना मुश्किल है।'



इस बीच पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल को लगता है कि बाबर को ओपनिंग करने से उनका आत्मविश्वास और पाकिस्तान का टीम संयोजन बर्बाद हो रहा है। फॉर्म के लिए संघर्ष कर रहे बाबर पिछले पांच मैचों में- 29, 23, 10, 1 और 31 (टेस्ट), 8 और 5 (टेस्ट) रन बना सके हैं। कामरान का मानना है कि मौजूदा लाइनअप के कारण बाबर का आत्मविश्वास प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा, 'आप बाबर से ओपनिंग करा रहे हैं। इस फैसले से टीम संयोजन बर्बाद हो गया है और बाबर का आत्मविश्वास भी।' टेस्ट से लेकर वनडे तक, बाबर कंसिस्टेंट नहीं रहे हैं।

हालांकि, पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान का मानना है कि बाबर ने अपने लेवल को इतना ऊपर उठा लिया है और वह इसी वजह से संघर्ष कर रहे हैं। वेबसाइट ईएसपीएनक्रिकइंफो ने रिजवान के हवाले से लिखा है, 'बाबर ने पाकिस्तान के लिए इतने रन बनाए हैं कि हम उम्मीद करते हैं कि वह प्रत्येक मैच में शतक बनाएंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आईसीसी वनडे रैंकिंग में फेरबदल, पाकिस्तान को नुकसान

**नई दिल्ली ।** ट्राई सीरीज के फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदने के बाद न्यूजीलैंड को लेटेस्ट आईसीसी वनडे रैंकिंग में बंपर फायदा हुआ है। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यह कीवी टीम के हौसले बुलंद करने में मदद करेगा। 243 रनों के लक्ष्य का पीछा न्यूजीलैंड ने डेरिल मिशेल (57) और कप्तान टॉम लेथम (56) के अर्धशतकों के दम पर 45.2 ओवर में आसानी से किया। हालांकि न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने न्यूजीलैंड की जीत का मंच तैयार किया। तेज गेंदबाज विल ओ'रुरके ने शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने 9.3 ओवर में 43 रन खर्च कर चार विकेट चटकाए और पाकिस्तान को 250 से कम के स्कोर पर रोका।

विजडन के अनुसार ट्राई सीरीज जीतने के बाद न्यूजीलैंड की आईसीसी वनडे रैंकिंग में रेटिंग 100 से बढ़कर 105 हो गई, जिससे टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। फाइनल हारने के बाद पाकिस्तान 107 की रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गया।



ट्राई सीरीज के अलावा ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद उनके खाते में 110 रेटिंग रह गई है। वर्ल्ड चैंपियन टीम इस समय दूसरे पायदान पर है।

वहीं रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से रौंदा था जिस वजह से टीम इंडिया 119 रेटिंग के साथ पहले पायदान पर बनी हुई है।

19 फरवरी से अब चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने वाला है, जिसमें भारत, पाकिस्तान समेत न्यूजीलैंड, बांग्लादेश, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें हिस्सा ले रही है।

इस टूनार्मेंट से कई टीमों की आईसीसी रैंकिंग पर असर पड़ेगा। टूनार्मेंट का फाइनल 9 मार्च खेला जाएगा।

# एलएलसीटेन-10 का जलवा जारी, तीसरे दिन लखनऊ पैंथर्स के सामने डेस्प्रिंग ईगल्स की चुनौती

**लखनऊ ।** लीग में उत्तर प्रदेश की 12 टीमें खेल रही हैं, जिनमें राज्य के विभिन्न शहरों के खिलाड़ी शामिल हैं। इन टीमों के मेंटर क्रिस गेल, हरभजन सिंह, सुरेश रैना और ब्रेट ली हैं। लीग के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा हैं, जबकि लीग कमिश्नर जोंटी रोड्स हैं।

### वेव्स चैनल पर देखे जा सकेंगे मैच

एलएलसीटेन10 लीग उत्तर प्रदेश में क्रिकेट के प्रति जुनून और उत्साह को एक नई दिशा दे रही है। यह लीग युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक बड़ा मौका प्रदान कर रही है। लीग के सभी मैचों का प्रसार भारती के वेव्स चैनल पर सीधा प्रसारण हो रहा है।

### बृजेश पाठक ने इस लीग का उद्घाटन किया




इससे पहले गुरुवार को हुए उद्घाटन समारोह में कई स्टार क्रिकटर्स का जलवा देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इस लीग का उद्घाटन किया। उनके साथ मंच पर वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल और ऑस्ट्रेलिया के ब्रेट ली भी मौजूद रहे। इतना ही नहीं, रंगारंग कार्यक्रम में गायक स्वरूप खान ने 'कर हर मैदान फतह' गाकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया।

आज दो दो मैचों का तड़का लगेगा। पहला मैच लखनऊ पैंथर्स और डे स्प्रिंग ईगल्स के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच बुंदेलखंड ब्लास्टर्स और सुपर स्ट्राइकर्स के बीच खेला जाएगा। पहला मैच शाम पांच बजे से और दूसरा मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। गुरुवार को उद्घाटन मैच में मेरठ इनवेडर्स ने वेंकेटेश्वरा लायंस को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हरा दिया था। वहीं, शुक्रवार को दूसरे मैच में काशी नाइट्स ने गाजियाबाद टाइगर्स को पांच रन से शिकस्त दी थी। अब तक के दोनों मुकाबलों में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम हारी है।

# आरुषि चौधरी का शुभ विवाह शिखर चौधरी के साथ धूमधाम से संपन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व सदस्य अशोक चौधरी की सुपुत्री आरुषि चौधरी का शुभ विवाह विनोद चौधरी के सुपुत्र शिखर चौधरी के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। वर वधु को आशीर्वाद देने के लिए विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। चौधरी परिवार ने सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।




## कैसी रहेगी थ्री-स्टार की पहली पारी

पुलिस कमिश्रेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एक थ्री- स्टार को पहली बार हॉट सीट वाला प्रभार मिला है। उनके थाने वाले प्रभार मिलने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में नदिया पार से लेकर सिटी तक नई चर्चा शुरू हो गई है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि कभी पूर्व प्रधानमंत्री के उपनाम नगर वाली चौकी को संभालने वाले अब थाने के प्रभारी बने हैं। देखना होगा वह किस क्षमता के साथ प्रभार संभाल पाते हैं। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ समय पहले उनको एक प्रमुख कार्यालय में खास वाली ड्यूटी मिली थी लेकिन उनका मामला पहले ही दिन शुरू होने से पहले खत्म हो गया था। सूत्रों ने यह भी जानकारी दी है कि उनका पहले ही दिन फोन ले लिया गया था, तो उन्हें लाइन भी पैदल जाना पड़ा था। बताया जा रहा है कि वो इंग्लिश का कोई संदेश पढ़ नहीं पाए थे। कुछ दिन पहले ही वह टू से थ्री स्टार वाली रेंज में आए थे, जिसके बाद उनको फिर गिफ्ट मिला है। कहा जा रहा है कि नदिया पार में उन्हें आशीर्वाद मिला और सीधे सिटी के एक थाने की कमान मिली है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि देखना होगा, छोटी सी चौकी वाले इलाके का मैनेजमेंट और कानून व्यवस्था की स्थिति में फेल होने के बाद उन्हें डीरेल किया गया था और अब वह बड़े टेंशन वाले इलाके में आए हैं। अब वो वहां क्या सिचुएशन संभालेंगे और क्या उनका मैनेजमेंट रहेगा। सूत्र बताते हैं कि पहले ही दिन स्नेचिंग की कई वारदात की सूचना लाइन पार से आई थीं।जिसमें मुकदमा एक का ही लिखवाया गया है, वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से अभी वह अपने व्हाट्सएप के रिप्लाई को लेकर भी एक्टिव नहीं हुए हैं, तो उन्हें आने वाले दिनों में और एक्टिव होना होगा वरना छोटी सी गलती बड़ी भूल करवा सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र यह भी कह रहे हैं कि अब सिटी वाला जोन में एक ही बिरादरी के तीन प्रभारियों के हवाले हो गया है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्रों के जरिए जानकारी मिल रही है कि अगले तीन महीने के बाद फिर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में प्रभारी वाले स्तर पर बड़ा बदलाव होगा। देखना होगा कौन इन और कौन आउट किया जाता है।



# राधा का शुभ विवाह कुणाल के साथ धूमधाम से संपन्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राधा का शुभ विवाह कुणाल के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर वर वधु को आशीर्वाद दिया।

# दो कारों की भिड़ंत में युवक की मौत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में एक तेज रफ्तार कार ने दूसरी कार को टक्कर मारी, जिससे युवा शिवा यादव की मौत हो गई। शुक्रवार को देर रात बेकाबू कार ने दूसरी कार में टक्कर मार दी। अधिक गति के चलते कार डिवाइडर पार कर दूसरी ओर जाकर गिरी, जिसमें कार चला रहे युवा की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वसुंधरा सेक्टर-16 में रहने वाले 27 वर्षीय शिवा यादव की वसुंधरा में कपड़े की दुकान है। शिवा अपनी कार से शुक्रवार रात करीब पौने दो बजे गौड़ ग्रीन गोल चक्कर से नह पटरी मार्ग होते हुए कनावनी पुलिया की ओर जा रहे थे। कार की गति तेज थी। सीआईएसएफ रोड पर पहुंचते ही वसुंधरा की ओर जा रही गाड़ी से टक्कर हो गई। इसके बाद युवा की कार करीब तीन फीट के डिवाइडर को पार कर सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। कार की गति अधिक होने के चलते दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस शिवा यादव को अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी कार सवार बच गए। यातायात पुलिस की जांच में अल्ट्रोज कार को अधिक तेज गति से चलाने के कारण हादसा होने की बात सामने आई है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

## प्लास्टिक कंपनी में लगी भीषण आग, 15 गाड़ियों ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**नोएडा।** एक प्लास्टिक दाने से रैपर बनाने वाली एक कंपनी में आग लग गई। आग तड़के तीन बजे लगी। सूचना मिलते ही 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि आग कंपनी के बेसमेंट में लगी थी। आसपास की कंपनियों को भी पूरी तरह से बचा लिया गया। वहां आग नहीं फैली। इस आग में कोई फंसा नहीं था। आग लगने के दौरान सभी कर्मचारी बाहर आ गए थे। हालांकि आग से लाखों के नुकसान होने की जानकारी है। सीएफओ ने बताया कि तड़के करीब 3 बजे सूचना मिली कि प्लॉट नंबर सी-44 फेस 2 सती पॉली प्लास्ट नामक कंपनी में आग लगी है। पहले दो गाड़ियों को भेजा गया। लेकिन तेज हवा चलने की वजह से आग फैलती चली गई। इसके बाद एक-एक करके 15 गाड़ियों को भेजा गया। इसमें दो गाड़ियां गाजियाबाद से बुलाई गई थी। आग को बाहर की ओर से अंदर तक लगी थी। प्राथमिक जांच में शॉट सर्किट की वजह हो सकती है। केमिकल और प्लास्टिक दोनों के चलते आग तेजी से फैली। 4 घंटे में किया काबू आग तेजी से फैली थी। जिसे काबू करने में करीब 4 से 5 घंटे का समय लग गया। आसपास की कंपनियों को सुरक्षित रखने के लिए वहां भी पानी का छिड़काव किया गया। ताकि आग न फैले। आग को समेटते हुए सिर्फ एक स्थान पर किया गया। जिसके बाद काबू पाया जा सका। आग से कंपनी के बेसमेंट में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका है।

## ग्रेटर नोएडा में दो शातिर चोर गिरफ्तार, 20 से अधिक वारदातों का खुलासा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की रबूपुरा पुलिस ने किसानों के कृषि उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल और एक टाटा गाड़ी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रबूपुरा निवासी समीर और जेवर निवासी वसीम के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने पिछले दो महीनों में रबूपुरा क्षेत्र में 20 से अधिक चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर किसानों के बिजली उपकरण और कृषि यंत्र चुराते थे। चोरी के बाद माल को टाटा गाड़ी में लादकर यमुना एक्सप्रेसवे के रास्ते अन्य स्थानों पर बेच देते थे। कोतवाली प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दोनों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# भारत-अमेरिका मित्रता को मजबूत करने के लिए तत्पर, पीएम मोदी से मुलाकात पर तुलसी गबार्ड

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका में स्वागत करना 'सम्मान' की बात है। उन्होंने कहा कि वह भारत और अमेरिका के बीच मित्रता को मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। **पीएम मोदी के वाशिंगटन पहुंचने के बाद पहली अहम मुलाकात :** पीएम मोदी अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा पर बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को वाशिंगटन डीसी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। यूएस डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मिले पीएम मोदी ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया। उन्होंने गबार्ड को नई जिम्मेदारी संभालने को लेकर



शुभकानाएं और बधाई दी। शपथ लेने के कुछ ही घंटों बाद हुई इस अहम मुलाकात में भारत अमेरिका दोस्ती के अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से बातचीत हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, वाशिंगटन में तुलसी गबार्ड से मुलाकात कर उनकी नियुक्ति के लिए उन्हें बधाई दी। वे हमेशा से भारत-अमेरिका दोस्ती की प्रबल समर्थक रही हैं।

**गबार्ड ने यह टिप्पणी पीएम मोदी द्वारा साझा किए गए एक पोस्ट के जवाब में की, जिसमें उन्होंने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान गबार्ड से मुलाकात की चर्चा की**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर पीएम मोदी दो दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे थे, जहां भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और अन्य अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने के बाद पीएम मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा थी। व्हाइट हाउस में ट्रंप द्वारा पीएम मोदी का स्वागत किया गया। इस दौरान दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से गले मिलकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। चार घंटे चली व्यापक वार्ता में कई मुद्दों पर चर्चाः मिस्री विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने तुलसी गबार्ड, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उद्यमी विवेक रामास्वामी सहित कई प्रमुख हस्तियों से चर्चा की।

# दक्षिणी साइबेरिया में 6.4 तीव्रता का भूकंप
## किसी के हताहत होने की खबर नहीं

**मॉस्को ।** दक्षिणी साइबेरिया में रूस के अल्ताई गणराज्य में शनिवार सुबह 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। रूसी भूकंप विज्ञानियों के मुताबिक, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:48 बजे आया। पड़ोसी क्षेत्रों में भी झटके महसूस किए गए। क्षेत्रीय प्रमुख आंद्रेई तुर्चक ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन हाई-अलर्ट व्यवस्था शुरू की गई है। इलाके के सभी सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। जानें क्या है भूकंप के केंद्र और तीव्रता का मतलब? भूकंप का केंद्र उस स्थान को कहते हैं जिसके




ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है। कंपन की आवृत्ति ज्यों-ज्यों दूर होती जाती हैं, इसका प्रभाव कम होता जाता है। फिर भी यदि रिक्टर स्केल पर 7 या इससे अधिक की तीव्रता वाला भूकंप है तो आसपास के 40 किमी के दायरे में झटका तेज होता है। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि भूकंपीय आवृत्ति ऊपर की तरफ है या दायरे में। यदि कंपन की आवृत्ति ऊपर को है तो कम क्षेत्र प्रभावित होगा। कैसे मापा जाता है भूकंप की तिव्रता और क्या है मापने का पैमाना? भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है।

भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

# लोकतंत्र को लेकर बेहद आशावान म्यूनिख में स्याही लगी ऊंगली दिखाते हुए बोले एस जयशंकर

**नई दिल्ली ।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस की एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में विदेश मंत्री ने भारत और दुनिया में लोकतंत्र की अहमियत पर बात की और कहा कि लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है। म्यूनिख सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में लोकतंत्र विषय पर आयोजित एक बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, नॉर्वे की प्रधानमंत्री और अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन और कहा कि 'चुनाव के नतीजों को लेकर कोई मतभेद नहीं है और मतदान शुरू होने के बाद से अब 20 फीसदी अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं।'

### भारतीय समाज में लोकतंत्र की गहरी पैठ

जयशंकर ने कहा कि 'जो कहा जा रहा है कि दुनियाभर में लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन मेरा ऐसा मानना नहीं है। लोकतंत्र अच्छे से काम कर



वारसा के मेयर रफाल ट्रासकोव्सक बतौर पैनलिस्ट शामिल हुए।

### लोकतंत्र को लेकर क्या बोले विदेश मंत्री

बैठक में कुछ पैनलिस्ट ने कहा कि दुनिया में लोकतंत्र का भविष्य खतरे में है। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस दावे को खारिज कर दिया और कहा कि 'मैं लोकतंत्र को लेकर आशावान हूं। मैं अभी अपने राज्य के चुनाव में हिस्सा लेकर आया हूं। बीते साल हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए और कुल मतदाताओं में से करीब दो तिहाई ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।' इस दौरान डॉ. जयशंकर ने मतदान के दौरान अपनी ऊंगली पर लगी स्याही दिखाई। डॉ. एस जयशंकर ने रहा है और लोकतंत्र ने दुनिया को बहुत कुछ दिया है।' उन्होंने माना कि 'लोकतंत्र के लिए चुनौतियां भी हैं और अलग-अलग देशों में हालात अलग हैं, लेकिन कई देशों में लोकतंत्र अच्छे से काम कर रहा है।' भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने आजादी के बाद ही लोकतंत्र के मॉडल को अपनाया। पश्चिम के देश मानते हैं कि लोकतंत्र उनकी देन हैं, लेकिन वैश्विक दक्षिण के देश मानते हैं कि भारतीय समाज में लोकतंत्र अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा गहरे तक बैठा हुआ है।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यूनिख में सुरक्षा सम्मेलन से इतर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा से मुलाकात की और रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा की।

# हमास ने तीन इस्राइली बंधकों को किया रिहा, ट्रंप की चेतावनी और युद्ध की आशंका के बीच अहम कदम

**गाजा ।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध विराम समझौते में हाल के दिनों में बिगड़ते हालात और एक बार फिर युद्ध शुरू होने के आशंका के बीच हमास ने तीन और इस्राइली बंधकों को रिहा कर दिया। हालांकि इसके बदले अब इस्राइल ने भी कुल 369 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है।

बता दें कि 15 महीने से ज्यादा समय तक चले इस भीषण संघर्ष में हजारों लोगों की जान चली गई। वहीं लाखों लोगों अपना घर छोड़कर भागना पड़ा, जिसके बाद मिस्र, कतर, साऊदी अरब और अमेरिका जैसे कई देशों के प्रयास के बाद चार सप्ताह पहले यानी 19 जनवरी को युद्ध विराम समझौता शुरू हुआ। जहां हाल के दिनों में कुछ विवादों के कारण यह खतरे में पड़ गया था, जिससे लड़ाई फिर से शुरू होने का डर था।

हमास के अनुसार, 7 अक्टूबर



2023 को हुए हमले के दौरान इन तीन इस्राइली नागरिकों को अगवा किया गया था। हमास ने बताया कि शनिवार को 369 फलस्तीनी कैदियों को इस्राइल की जेलों से रिहा किया जाएगा, जिनमें से 36 कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। युद्धविराम के पहले चरण में 21 बंधकों और 730 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया जा चुका है।

### ट्रंप के प्रतिक्रिया के बाद हमास का बयान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गाजा से 2 मिलियन से अधिक फलस्तीनियों को हटाने के प्रस्ताव ने इस युद्धविराम के भविष्य को और भी संदेहास्पद बना दिया। हालांकि, हमास ने गुरुवार को कहा कि वह और अधिक बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत करेगा।

### रिहा हो रहे बंधक कौन? एक नजर

जारी युद्धविराम समझौते के बीच हमास तीन इस्राइली बंधकों को रिहा करने जा रहा है। इनमें हॉर्न, डेकेल चेन और अलेक्जेंडर ट्रोफानोव शामिल हैं, जिन्हें 7 अक्तूबर को गाजा में हुए हमले के दौरान किबुत्ज नीर ओज से अगवा किया गया था। उस समय करीब 400 निवासियों में से 80 को बंधक बना लिया गया था। बता दें कि हॉर्न और उसके भाई ईटन हॉर्न को अगवा किया गया था। हालांकि, ईटन अभी भी कैद में हैं। डेकेल चेन उस समय बाहर काम कर रहे थे।

# यूक्रेनी समकक्ष सिबिहा से मिले जयशंकर द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी के म्यूनिख में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (टरउ) के दौरान अपने यूक्रेनी समकक्ष एंड्री सिबिहा के साथ बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष के



समाधान के लिए चल रहे प्रयासों पर चर्चा की। इसके अलावा, दोनों ने द्विपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने के बारे में भी बात की।

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 के मौके पर यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा से मिलकर अच्छा लगा। हमने यूक्रेन संघर्ष के समाधान और द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।'

**रूस-यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जारी है संघर्ष :** गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से संघर्ष जारी है। दोनों के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से भारत ने हमेशा बातचीत और कूटनीति के जरिए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की अपील की है। भारत ने शांति की जल्द वापसी के लिए हर संभव तरीके से योगदान देने की इच्छा भी जताई है।

# न्यूयॉर्क पुलिस को मिला लापता व्यक्ति का शव

**नई दिल्ली ।** न्यूयॉर्क पुलिस ने शुक्रवार को एक लापता व्यक्ति की हत्या मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लापता व्यक्ति के साथ एक महीने से अधिक समय तक मारपीट की गई। साथ ही उतने समय तक ही यातना देने के बाद उसकी हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। पुलिस ने आगे बताया कि 24 वर्षीय पीड़ित सैम नॉर्डक्विस्ट एक ट्रांसजेंडर था जो मिनसोटा का रहने वाला था।

### पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क आया था सैम

बता दें कि सैम नॉर्डक्विस्ट का लापता होना 9 फरवरी को रिपोर्ट किया




गया था, और वह पिछले साल सितंबर में न्यूयॉर्क आया था। इसके बाद से उसका किसी से संपर्क नहीं हुआ था। मामले में पुलिस ने बताया कि नॉर्डक्विस्ट को जो यातना और हत्या दी गई, वह बहुत ही क्रूर और शर्मनाक थी। यह उनकी अब तक की सबसे बुरी हत्या की जांच है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# यूरोप में लोकतंत्र को लेकर जेडी वेंस के बयान पर बवाल जर्मन चांसलर और रक्षा मंत्री ने भी किया पलटवार

**म्यूनिख ।** जर्मनी के शर्ष नेताओं ने म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की यूरोप में लोकतंत्र की स्थिति पर की गई आलोचना का कड़ा विरोध किया है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस और चांसलर ओलाफ शोल्ज ने वेंस की टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताते हुए खारिज कर दिया है।

बता दें कि म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान वेंस ने कहा था कि यूरोप में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कमजोर हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा था कि यूरोपीय सरकार को इस बात का डर है कि जैसे सोवियत यूनियन के समय में झूठी जानकारी और दुष्प्रचार होता था, वैसे ही यूरोप में भी ऐसा हो सकता है।



### जर्मनी के रक्षा मंत्री का जवाब

वेंस के बयान पर जवाब देते हुए पिस्टोरियस ने आगे कहा कि यूरोप का लोकतंत्र सत्तावादी सरकारों से बिल्कुल अलग है और वह इस तरह की तुलना को गलत मानते हैं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय लोकतंत्रों में हर किसी की आवाज का सम्मान होता है। साथ ही पिस्टोरियस ने कहा कि यहां दूर-दराज पार्टी की आलोचना करने के बावजूद, किसी भी पार्टी को प्रचार करने का पूरा-पूरा अधिकार है।

### जेडी वेंस ने यूरोपीय लोकतंत्र पर उठाए सवाल

अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा था कि लोकतंत्र में लोगों की राय महत्वपूर्ण होती है, लेकिन जर्मनी में मुख्य पार्टीज अफडी (एएफडी) जैसे दाएं-पक्ष की, आव्रजन विरोधी पार्टी के साथ किसी भी गठबंधन को नहीं स्वीकार करती हैं। इसे वे 'फायरवॉल' यानी एक तरह की दीवार मानते हैं। वेंस ने इस पर आलोचना की। हालांकि वेंस की इस आलोचना पर जर्मनी के नेताओं का कहना है कि यह कदम जर्मन लोकतंत्र की रक्षा के लिए उठाए गए है।

# रूस ने एक और अमेरिकी को हिरासत में लिया
## भारी मात्रा में ड्रग्स तस्करी की कोशिश करने का आरोप

**मॉस्को ।** रूस ने एक और अमेरिकी नागरिक को हिरासत में लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीमा शुल्क अधिकारियों ने उसके सामान में भांग मिला हुआ मुरब्बा पाया। यह घटना रूस और अमेरिका के बीच हाल में हुई कैदी अदला-बदली के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसे व्हाइट हाउस ने कूटनीतिक समझौता और यूक्रेन में लड़ाई खत्म करने के प्रयास के रूप में बताया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस की संघीय सीमा शुल्क सेवा के अधिकारियों ने बताया कि 28 वर्षीय अमेरिकी नागरिक ने काफी मात्रा में रूस में ड्रग्स की तस्करी करने का प्रयास किया था। उसे बीते शुक्रवार को इस्तांबुल से उड़ान भरने के बाद मॉस्को के वनुकोवो हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था।

**दोषी पाए जाने पर हो सकती है सात साल जेल की सजा :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिकी की पहचान केवल के. बायर्स के रूप में हुई है। यदि वह दोषी पाया गया तो उसे सात साल तक जेल की सजा हो सकती है। हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग की



ओर से इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। कैदी अदला-बदली में देखे गए रूसी विशेषज्ञ अलेक्जेंडर इस महीने अमेरिका और रूस के बीच कैदी अदला-बदली में रूसी क्रिप्टोकरेंसी विशेषज्ञ अलेक्जेंडर विन्निक को देखा गया, जिन्होंने अमेरिका में बिटकॉइन धोखाधड़ी के आरोपों का सामना किया था। वह अमेरिकी मार्क फोगेल के बदले में रूस लौटे, जिन्हें 2021 में रूस में एक स्कूल में काम करते समय हिरासत में लिया गया था।

### पेंसिल्वेनिया के शिक्षक हैं फोगेल

फोगेल पेंसिल्वेनिया के एक शिक्षक हैं। उन्हें चिकित्सकीय रूप से निर्धारित मारिजुआना रखने के लिए के लिए 14 साल की सजा मिली थी। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने दिसंबर में उनके गलत तरीके से हिरासत में होने का दावा किया था।

# अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर्स को अब नहीं किया जाएगा भर्ती, यूएस आर्मी ने तत्काल प्रभाव से लगाया प्रतिबंध

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। ध इसके साथ ही सेना ने यह भी कहा है कि सैनिकों को लिंग परिवर्तन की भी इजाजत नहीं होगी। गौरतलब है कि दूसरी बार अमेरिका की सत्ता में लौटने के साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पहले भाषण में ही ये साफ किया था कि अमेरिका में अब सिर्फ दो ही लिंग होंगे। इतना ही नहीं ताबड़तोड़ फैसला लेते हुए उन्होंने सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।

यूएस आर्मी ने अपने पोस्ट में लिखा कि यूएस आर्मी अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं की सुविधा देना भी बंद कर देगी। तत्काल प्रभाव से, लिंग डिस्फोरिया



का इतिहास रखने वाले व्यक्तियों के लिए सभी नए प्रवेश रोक दिए जाते हैं। इसके साथ ही सर्विस मेंबर्स के लिए लिंग परिवर्तन की पुष्टि या सुविधा से जुड़ी सभी चिकित्सा प्रक्रियाओं पर भी रोक लगाई जाती है। लिंग डिस्फोरिया से पीड़ित व्यक्तियों ने स्वेच्छा से हमारे देश की सेवा की है और उनके साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा। बता दें कि सेना ने यह फैसला तब लिया है जबकि 28 जनवरी को ही राष्ट्रपति ट्रंप सेना में ट्रांसजेंडर की भर्ती रोकने को लेकर

**यूएस आर्मी ने अपने आधिकारीक एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसका एलान किया। इसमें सेना ने कहा है कि सेना में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को भर्ती करना पर तत्काल रोक लगाई जाती है**

कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर चुके हैं।

कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन लगवाने से इनकार के बाद नौकरी से निकाले गए गए सैनिकों की भी होगी वापसी इसके साथ ही यूएस आर्मी में उन सैनिकों की भी बहाली हो सकेगी, जिन्हें कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन लगवाने से इनकार के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। एक्स पर पोस्ट में यूएस आर्मी ने यह भी लिखा कि कोविड वैक्सीन लेने से इनकार करने पर बाहर किए गए सैनिकों को वापस लाने के लिए निमंत्रण तैयार किया जा रहा है। गौरतलब है कि साल 2021 में करीब आठ हजार सैनिकों ने कोरोना वैक्सीन लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आदेश न मानने के चलते इन सैनिकों को सेना से निकाल दिया गया था। इन सैनिकों को उनकी पुरानी रैंक पर और पूरी सैलरी के साथ बहाल किया जाएगा। हालांकि उन्हें फिटनेस साबित करनी होगी।

# जीडीए में की गई सड़क निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

## हम तुम रोड एवं बंधा रोड से नूर नगर को जोड़ने वाली सड़क निर्माण प्रक्रिया में तेजी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा शहर के यातायात को सुगम बनाने एवं क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोन-1 के जोनल प्लान के अनुसार प्रस्तावित हम तुम रोड एवं बंधा रोड से नूर नगर को जोड़ने वाली 18 से 24 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण कार्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में संपन्न हुई, जिसमें अपर सचिव, संयुक्त सचिव, प्रभारी मुख्य अभियंता, प्रभारी मुख्य नगर नियोजक एवं संबंधित क्षेत्र के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में उक्त सड़क के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि इस सड़क के लिए टोटल स्टेशन सर्वे पूरा किया जा चुका है और उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत कर दी गई है। इस संबंध में विज्ञापन भी पूर्व में प्रकाशित किया जा चुका है। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर भू-अर्जन अनुभाग द्वारा भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है, जिससे निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके।

महत्वपूर्ण निर्णय : बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि इस सड़क के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि के अधिग्रहण में केवल भू-धारक कृषकों को ही भूमि मूल्य का भुगतान किया जाएगा। अन्य भूमि स्वामियों को कम्पनसेटरी ऋअफ (0.5) का विकल्प भी प्रदान किया जाएगा, जिससे विकास प्राधिकरण पर वित्तीय भार को न्यूनतम रखा जा सके और शहरवासियों को बेहतर सड़क सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

सड़क नामकरण हेतु जनता से सुझाव : इसके अलावा, बैठक में यह निर्देश दिया गया कि इस प्रस्तावित सड़क का नामकरण जनसहभागिता के आधार पर किया जाए। इसके लिए नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, जिससे इन सड़को का नामकरण जनभावनाओं के अनुरूप हो सके। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण निरंतर शहर के आधारभूत ढांचे के विकास में प्रयासरत है और भविष्य में भी नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए तत्पर रहेगा।

# साप्ताहिक पैठ बाजार पर प्रतिबंध का विचार भी जनविरोधी व अलोकतांत्रिक : अक्षय वीर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी के युवा नेता अक्षय वीर ने पैठ मुद्दे पर मुखरता से अपनी बात रखते हुए कहा है कि शहर में लगने वाली पैठ में आ रही भीड़ इस बात का सबूत है कि यह जीवनयापन का महत्वपूर्ण अंग बन चुकी है। बगैर किसी स्थानापन्न के इसे जबरिया बंद कर देना लाखों लोगों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला काम है।

'लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का पैठ मुद्दे पर जनता की आवाज उठाना प्रशंसनीय'



महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में चाहे दुकानदारों की दृष्टि से देखें अथवा ग्राहकों की दृष्टि से, साप्ताहिक पैठ पर दोनों पक्ष बराबर रूप से निर्भर हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दोनों पर पैठ लगती है जिससे उसे क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कम मूल्य पर अपने जीवन यापन के जरूरी सामान मुहैया हो जाते हैं साथ ही रोजगार की दृष्टि से भी यह अत्यंत जरूरी है। गाजियाबाद प्रशासन का जन विरोधी कदम जन सामान्य के जीवन में संघर्ष को बढ़ाने वाला है।

जिस कठोरता से गाजियाबाद के प्रशासन ने साप्ताहिक पैठ को बंद करने का अभियान चलाया था, उस ही गति से और वेग से पैठ लगाने को बढ़ावा देना चाहिए और मुख्य सचिव महोदय उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश का पालन करना चाहिए।

गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग शहर के अंतर्गत आने वाले विधायक गण तथा महापौर से भी मैं अनुरोध करता हूं कि प्रशासन द्वारा इस इंस्पेक्टर शाही के विरुद्ध जनता का साथ दें। आप लोग जनप्रतिनिधि हैं इस मुद्दे पर मौन साधकर बैठना आपके द्वारा प्रशासन को सहमति की तरह प्रदर्शित होता है।

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का इस मुद्दे पर जिस तरह मुखरता से जनता की आवाज बने हैं वह प्रशंसनीय है परंतु और सभी जनप्रतिनिधियों को भी बोलना चाहिए।

# गाजियबाद के दिल की धड़कन हैं जनरल वीके सिंह : अजय गुप्ता



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस शख्स के दिल में देश के नागरिकों के प्रति प्रेम भावना और सरकारी पैसे का दुरुपयोग न करने का तराना, उसका क्या बिगाड़ेगा जमाना। मिजोरम के गवर्नर एवं पूर्व सांसद केंद्र राज्य मंत्री आज गाजियाबाद में 60 जिम, जो उनके सांसद निधि से कार्यकाल में स्वीकृत किए गए थे, उसका उद्घाटन करने के लिए गाजियाबाद आए। जनरल वीके सिंह के 10 साल के कार्यकाल मे सांसद निधि से जो भी पैसा खर्च हुआ, उसका एक-एक पैसे का हिसाब, उन्होंने अपनी किताब में छपवाया था, सार्वजनिक रूप से। यहां तक कि उन्होंने अपने निजी सचिव जो उनके नाम का दुरुपयोग कर रहा था, उसको भी जेल भेजने में ढिलाई नहीं बरती, ना कोई झूठा आश्वासन, ना कोई तारीख, जो कहा, वह करा, जिसके कारण वह आज भी गाजियाबाद के निवासी उनसे प्रेम की भावना रखते हैं, वह चाहे किसी भी पद पर हो, गाजियाबाद के निवासियों से उनका प्रेम नहीं छूट सकता।



# मंडल अध्यक्ष ने इंदिरापुरम में बस सुविधा के लिए सांसद अतुल गर्ग को सौंपा पत्र




## दैनिक यात्रियों के लिए परिवहन प्रणाली का अभाव बन रहा है चुनौती : मंजुला गुप्ता

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में सांसद अतुल गर्ग से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के सहप्रभारी के रूप में उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। मंडल टीम ने, उन्हें इंदिरापुरम के रास्ते दोनों मेट्रो स्टेशनों इलेक्ट्रॉनिक सिटी बस वैशाली को जोड़ने वाली ई बस चलाने के लिए पत्र सौंपा।

पत्र के माध्यम से मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा कि इंदिरापुरम इलाका 24 वर्षों के दौरान तेजी से विकसित हुआ है, फिर भी इसमें एक विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का अभाव है। जो हमें नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी, वैशाली और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन जैसे नजदीकी मेट्रो तथा रेल्वे स्टेशनों से जोड़ती है। इसने छात्रों, कार्यालय जाने वालों और दैनिक यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा कर दी हैं, जो काम और शैक्षणिक संस्थानों तक आने-जाने के लिए इन केंद्रों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। वर्तमान में, ऑटो-रिक्शा पर अत्यधिक निर्भरता है, जिनके लगभग एकाधिकार हो गया है। व्यस्त समय के दौरान सीमित उपलब्धता के साथ अनियमित किराया, यात्रा को दैनिक संघर्ष बना देता है। कई निवासियों, विशेष रूप से छात्रों और युवा पेशेवरों को किफायती, नियमित और सुरक्षित परिवहन विकल्पों की कमी के कारण वित्तीय तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इंदिरापुरम में सार्वजनिक ई बस शुरू करने का अनुरोध करते हैं। प्रमुख मेट्रो स्टेशनों और गाजियाबाद रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले नियमित परिवहन से, न केवल आवागमन आसान होगा। सांसद अतुल गर्ग ने तत्काल हमारे आवेदन पर कार्यवाई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मंडल महामन्त्री देबाशीष दत्ता, सुषमा गंगवार अजय गुप्ता, प्रयाम सक्सैना, धीरज शर्मा, जी, गायत्री पाण्डे, नवीन शर्मा, प्रीति ध्यानी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रह्लादगढ़ी में सीवर व नाला जाम होने से लोग परेशान, सड़क पर जलभराव



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 36 के प्रहलादगढ़ी में बार-बार सीवर व नाला जाम होने से सड़क पर जलभराव की गंभीर समस्या है। मौजूदा स्थिति की बात करें तो सड़क पर जलभराव की गंभीर स्थिति होने के कारण प्रहलाद गढ़ी मुख्य मार्ग से लोगों का आवागमन मुश्किल हो रहा है। बावजूद इसके नगर निगम सफाई व्यवस्था के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं कर रहा है।

प्रह्लादगढ़ी में सीवर व नाला जाम होने के कारण पानी निकासी व्यवस्था चरमरा गई है। इस कारण नाले का पानी ओवरफ्लो होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति है, जिससे स्थानीय लोगों व दुकानदारों को सड़क पर आना-जाना मुश्किल हो रहा है।

लोगों का कहना है कि सड़क पर जलभराव की समस्या एक या दो दिन की नहीं है, बल्कि विगत कई सप्ताह से यह समस्या बनी हुई है। इस संबंध में कई बार नगर निगम को सूचित किया जा चुका है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

# बिल्डर के खिलाफ लोगों ने दी लिखित शिकायत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोती रेसीडेंसी, सिकरोड- हमतुम रोड, राजनगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद सोसायटी में बिल्डर द्वारा ग्रीन बेल्ट पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का बड़ा इंस्टॉलेशन कार्य अनधिकृत स्थान पर किया जा रहा है, जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नक्शे के अनुरूप उचित स्थान पर नहीं है। इस विषय पर वहां के निवासियों ने बिल्डर को अपनी आपत्ति जताई व लिखित जवाब की मांग की परन्तु बिल्डर द्वारा किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य निरंतर चालू है। बिल्डर द्वारा फ्लैट खरीदारों से इस जगह पर स्विमिंग पूल दिखाकर कुछ ज्यादा कीमत भी ली गई थी, निवासियों में इस विषय को लेकर रोष है तथा इस संदर्भ में सोसाइटी के पीड़ित निवासियों द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में उपाध्यक्ष एवं जोन-1 प्रभारी के समक्ष लिखित शिकायत दी गई है।

# स्वर्गीय नरेंद्र सिंह सिसोदिया की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई




**मोदी नगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर विधानसभा से लगातार तीन बार विधायक रहे स्वर्गीय नरेंद्र सिंह सिसोदिया की शनिवार को पांचवीं पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव छज्जूपुर डाहना में मनाई गई। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर सर्वप्रथम उनके समाधि स्थल पर एक सामूहिक यज्ञ एवं प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर क्षेत्र के काफी संख्या में गणमान्य लोगों ने आकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। आज उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि विधायक ने अपने राजनीतिक जीवन मे अपने पास आने वाले हर गरीब मजदूरों की आवाज बनकर उनकी निष्पक्ष सेवा की स्व.सिसोदिया के सिद्धांतों और विचारधारा को आगे बढ़ने का ही संकल्प अगर ले तो ये उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होंगी। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, हापुड़ जिले के जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, धौलाना ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख निशांत सिसोदिया, कवि नगर मंडल के मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर, पिलखुवा नगर अध्यक्ष अंशुल मित्तल, वार्ड नंबर 16 से सुरेश तोमर, वार्ड नंबर 19 से जिला पंचायत सदस्य सुमित सिसोदिया, सभासद विकास तोमर, सुशील तोमर, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत, डायरेक्टर हरिकांत शर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिसोदिया, पूर्व संगठन मंत्री रविंद्र चौहान, जिला महामंत्री पवन सोम, जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक भाटी, युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मनोज गौतम, वरिष्ठ भाजपा नेता हरिमोहन पालीवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय चौहान, पवन तोमर, भूपेंद्र तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शीशपाल सिसोदिया, पूर्व जिला महामंत्री प्रवीण मित्तल, अध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# वैलेंटाइन डे पर धमकाने वाला गिरफ्तार, पार्क में युवाओं के साथ की थी अभद्रता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस ने वैलेंटाइन डे से पहले पार्कों में युवाओं को धमकाने वाले आरोपी विपिन नागर को गिरफ्तार कर लिया है। विपिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह पार्क में आने वाले युवा जोड़ों को लाठी-डंडों से धमकी दे रहा था।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली थी कि कुछ संगठन के युवा लाठी-डंडे लेकर पार्कों में घूम रहे हैं और वहां मौजूद युवाओं को परेशान कर रहे हैं। वायरल वीडियो में आरोपी विपिन नागर ने धमकी दी थी कि वह वैलेंटाइन डे पर पार्क में आने वाले युवाओं के आधार कार्ड की जांच करेगा और आवश्यकता पड़ने पर उनके परिवार से भी संपर्क करेगा। पुलिस ने स्थानीय चौकी इंचार्ज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। आरोपी की पहचान विपिन नागर पुत्र करण सिंह के रूप में हुई, जो कानावली प्राइमरी स्कूल के पास थाना इंदिरापुरम का रहने वाला है। विपिन ने वीडियो में यह भी कहा था कि जो लोग प्यार से नहीं मानेंगे, उन्हें लाठी-डंडे से समझाया जाएगा। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# 38 हजार रुपए के विवाद में युवक ने की तोड़फोड़, पुलिस पर लापरवाही का आरोप



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रवि कुमार की कार में तोड़फोड़ का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा है, जिसमें 38,000 रुपए के विवाद ने हिंसक मोड़ ले लिया। घटना 13 फरवरी की रात करीब 11 बजे की है। रवि कुमार के अनुसार, उनके व्यवसायिक साझेदार नवीन तोमर ने अपने दोस्त मनजीत के लिए 38,000 रुपए मांगे थे। जब मनजीत रात को पैसों के लिए आया, तो रवि ने उसे सुबह तक रुकने को कहा। इससे नाराज होकर मनजीत ने न केवल उनकी कार में तोड़फोड़ की, बल्कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में एक गंभीर मोड़ तब आया जब पीड़ित ने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाए। रवि का कहना है कि घटना के दौरान गोविंदपुरम पुलिस चौकी से दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी को पकड़ने की बजाय उसे जाने दिया। एसीपी कवि नगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस की कथित लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

# ट्रेन में लैपटॉप चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, एप्पल मैकबुक समेत 17 लैपटॉप बरामद

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद रेलवे पुलिस ने एक शातिर लैपटॉप चोर को गिरफ्तार किया है। मेरठ के मुण्डली का रहने वाला शादाब नाम का यह आरोपी दिल्ली से हापुड़ जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों के लैपटॉप चुराता था। पुलिस ने आरोपी के पास से एप्पल मैकबुक सहित 17 लैपटॉप और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जीआरपी के सीओ मुरादाबाद सुदेश गुप्ता के अनुसार, यात्रियों की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी की कार्यप्रणाली बेहद चालाक थी। वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से ट्रेन में चढ़ता और साहिबाबाद, गाजियाबाद या हापुड़ स्टेशन तक यात्रा करता। अपने साथ एक खाली बैग रखता और मौका देखकर यात्रियों के लैपटॉप बैग की जगह अपना खाली बैग रख देता। यात्री को पता चलने से पहले ही वह लैपटॉप लेकर फरार हो जाता। पूछताछ में पता चला कि आरोपी ग्रेजुएट है और काफी चतुर है। वह चुराए गए एप्पल लैपटॉप में अपनी मैक आईडी डालकर उन्हें अपना बताकर दुकानदारों को बेच देता था। आरोपी ने बताया कि उसके पिता की दूसरी शादी के बाद आर्थिक तंगी के कारण उसने चोरी का रास्ता चुना। पुलिस अब अन्य मामलों में भी आरोपी की संलिप्तता की जांच कर रही है और बरामद किए गए लैपटॉप के असली मालिकों की तलाश में जुटी है।



# गाजियाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन ने किया बार वर्सेज बैंच बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद टैक्सेशन बार पंजीकृत के अध्यक्ष एडवोकेट विनीत त्यागी द्वारा बताया गया कि शनिवार को गाजियाबाद टैक्सेशन बार (पंजीकृत) द्वारा एक भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन स्पार्टा शटलर बैडमिंटन एकेडमी विष्णु एनक्लेव अपोज़िट गोविन्द पुरम गाज़ियाबाद में किया गया। जिसमें गाज़ियाबाद की समस्त टैक्स बारों के एसोसिएशन के अधिवक्ता साथियों ने भाग लिया एवं जीएसटी विभाग के खिलाड़ियों द्वारा भी भाग लिया गया। सभी ने बहुत शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा सेक्रेटरी गाज़ियाबाद बैडमिंटन एसोसिएशन एवं जॉइंट सेक्रेटरी यूपी ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रमोद भाटी संग कपिल भाटी नोएडा बार एसोसिएशन से विजेता रहे। फर्स्ट रनर अप तरुण शर्मा संग कमल अरोड़ा एवं मयक अग्रवाल संग मनीष अग्रवाल सेकंड रनर अप रहे। गाजियाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन (पंजी.) के अध्यक्ष एडवोकेट विनीत त्यागी एवं महामंत्री एडवोकेट मधुकर गुप्ता, प्रेम सुंदर उपाध्याय, नवीन चंद्र मित्तल, वी पी एस नागर, बी एल बत्रा, आर के शिसोदिया, मनोज कुमार, अमित शर्मा, कौशल कुमार गोयल, राकेश जैन, आशीष गुप्ता, नितिन गुप्ता, सलीम अहमद, अतुल हितैषी, मदन त्यागी, संजय त्यागी, रितु सिंह, पूजा सैनी, अमन कुमार अग्रवाल, प्रिंस वाधवा, शिवम गर्ग, मनोज शर्मा, आरके भाटी, धीरज सेठी, लव कुश सिसोदिया, दीपक त्यागी एवं अन्य अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** माया ममता चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष ममता गुप्ता की नन्ही परी ने अपना हैप्पी बर्थडे मनाया। नानी ने अपनी स्वीट क्यूट डॉल की खुशी को इस अंदाज में साझा किया। एक तस्वीर में तीन पीढ़ी, एक तस्वीर में मां बेटी ओर फिर मां बेटी का समावेश। परिवार संस्कार खुशहाल जीवन का एक संदेश देता यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।